डाक पंजीयन सं. जयपुर सिटी/ 110/2024-26

website: www.royalpatrika.com
G-mail: royalpatrika@gmail.com
Yahoo: royal_patrika@yahoo.com

# दैनिक रॉयल पत्रिका

वर्ष :12 | अंक :210 | पेज: 8 | जयपुर, शनिवार ,06 जुलाई, 2024 | मूल्य: 1.50 रुपये

## नड्डा ने 24 प्रदेशों एवं केंद्र शासित प्रदेशों में प्रभारी तथा सह प्रभारी किए नियुक्त

# सतीश पूनिया हरियाणा भाजपा के प्रभारी नियुक्त, नागर को बनाया गया सहप्रभारी

छत्तीसगढ़ में नितिन नवीन को प्रभारी बनाया, बिहार की जिम्मेदारी तावड़े को


सतीश पूनिया


लक्ष्मीकांत बाजपेयी


नितिन नवीन

झारखंड में सांसद लक्ष्मीकांत बाजपेयी तथा जम्मू कश्मीर में तरूण चुघ को प्रभार

**रॉयल पत्रिका**

भाजपा ने चुनावी राज्य हरियाणा में सतीश पूनिया को प्रभारी तथा सांसद सुरेंद्र सिंह नागर को सह प्रभारी नियुक्त किया है। झारखंड में सांसद डॉ. लक्ष्मीकांत बाजपेयी प्रभारी की जिम्मेदारी संभालेंगे। छत्तीसगढ़ में विधायक नितिन नवीन को प्रभारी बनाया गया है। मध्यप्रदेश में एमएलसी महेंद्र सिंह को प्रभारी तथा सतीश उपाध्याय को सह प्रभारी की भूमिका मिली है। पंजाब में विजय भाई रूपानी प्रभारी तथा डॉ. नरिंदर सिंह को सहप्रभारी बनाया गया है। उत्तराखंड में राष्ट्रीय महासचिव दुष्यंत कुमार गौतम को प्रभारी तथा रेखा वर्मा को सह प्रभारी नियुक्त किया गया है।

कुल 24 प्रदेशों एवं केंद्र शासित प्रदेशों में प्रभारी तथा सह प्रभारी नियुक्त किए गए हैं। पार्टी अध्यक्ष जेपी नड्डा के आदेश से शुक्रवार को प्रभारी एवं सह प्रभारियों की घोषणा की गई। हालांकि कई नेता पहले से ही उन्हीं प्रदेशों में प्रभारी की जिम्मेदारी संभाल रहे थे जिनमें अब दोबारा उनको नियुक्ति दी गई है। बिहार में राष्ट्रीय महासचिव विनोद तावड़े को प्रभारी तथा सांसद दीपक प्रकाश को सह प्रभारी बनाया गया है।

### प्रकाश जावड़ेकर ओडिशा के प्रभारी और संबित पात्रा उत्तर पूर्व के संयोजक नियुक्त किए गए

गोवा में आशीष सूद को, अंडमान एवं निकोबार में रघुनाथ कुलकर्णी को तथा दादरा, नगर हवेली और दीव दमन में विधायक दुष्यंत पटेल को प्रभारी बनाया गया है। हिमाचल में विधायक श्रीकांत शर्मा को प्रभारी तथा संजय टंडन को सह प्रभारी नियुक्त किया गया है। जम्मू कश्मीर में भी जल्द ही चुनाव होने वाले हैं, यहां राष्ट्रीय महाचिव तरूण चुघ को प्रभारी तथा आशीष सूद को सह प्रभारी की जिम्मेदारी मिली है। कर्नाटक में सांसद राधा मोहन अग्रवाल को प्रभारी तथा सुधाकर रेड्डी को सह प्रभारी बनाया गया है। केरल में प्रकाश जावड़ेकर को प्रभारी तथा सांसद अपराजिता सारंगी को सह प्रभारी नियुक्त किया है। ओडिसा में विजयपाल सिंह तोमर प्रभारी और विधायक लता उसेंडी सह प्रभारी बनाई गई हैं। अरूणाचल प्रदेश में विधायक अशोक सिंघल को प्रभारी की जिम्मेदारी सौंपी गई है। सांसद संबित पात्रा को उत्तर पूर्व का संयोजक बनाया गया है। उनके साथ वी मुरलीधरन सह संयोजक होंगे। सिक्किम में दिलीप जायसवाल प्रभारी, पुडुचेरी में निर्मल कुमार सुराना, नागालैंड और मेघालय में अनिल एंटोनी, मणिपुर में सांसद अजीत गोपछड़े, मिजोरम में देवेश कुमार, लद्दाख में तरूण चुघ को प्रभारी बनाया गया है।

### हरियाणा में इसी साल होंगे विधानसभा चुनाव

राजस्थान भाजपा के पूर्व अध्यक्ष सतीश पूनिया और सांसद सुरेंद्र सिंह नागर लोकसभा चुनाव के दौरान हरियाणा में चुनाव प्रभारी और चुनाव सह प्रभारी की जिम्मेदारी संभाले हुए थे। भाजपा हरियाणा में जाट समुदाय की नाराजगी झेल रही है। अक्टूबर नवंबर में यहां विधानसभा चुनाव होने हैं। पूनिया राजस्थान के जाट नेता हैं। प्रभारी बनाये जाने के बाद सतीश पूनिया के कंधों पर इस बात की भी बड़ी जिम्मेदारी रहेगी कि वे प्रदेश के जाट समुदाय को भाजपा के पाले में ला सकें। पूनिया से पहले सांसद बिप्लब कुमार देब प्रभारी थे जिन्हें कुछ दिन पहले हरियाणा विधानसभा चुनाव हेतु सह प्रभारी की जिम्मेदारी दी गई है।

## हाथरस मामले में नया खुलासा

# हादसे के बाद 'भोले बाबा' ने तीन बार की आयोजकों से बात, आश्रम के पास स्विच ऑफ हुआ मोबाइल



**रॉयल पत्रिका**

हाथरस जिले के फुलरई गांव में दो जुलाई को 'भोले बाबा' के सत्संग के बाद मची भगदड़ में कुल 121 लोगों की मौत हो गई थी, जिसमें अधिकतर महिलाएं थीं। इस हादसे के बाद रोज नए-नए खुलासे हो रहे हैं। हाथरस हादसे के बाद कथावाचक सूरज पाल उर्फ भोले बाबा ने तीन बार आयोजकों से बात की थी। इसके बाद उनके मैनपुरी वाले आश्रम के पास मोबाइल फोन स्विच ऑफ हो गया था। पुलिस की प्रारंभिक जांच में यह तथ्य सामने आए हैं। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने कहा कि बाबा ने 2 जुलाई की दोपहर अपना मोबाइल बंद होने से पहले कुछ कार्यक्रम आयोजकों से कम से कम तीन बार बात की थी। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार किए गए छह आरोपियों से धर्मसभा के आयोजन के विभिन्न सुरक्षा पहलुओं पर पूछताछ की जा रही है।

### राजस्थान और हरियाणा में भी तलाश जारी

हाथरस मामले में शासन के निर्देश पर बनी एसआईटी ने बाबा के मैनपुरी आश्रम पहुंची और यहां खड़ी दो लग्जरी गाड़ियां पुलिस अपने साथ ले गई है। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि तमाम एजेंसियां पूछताछ के लिए प्रवचनकर्ता सूरजपाल उर्फ नारायण साकार हरि उर्फ भोले बाबा की भी तलाश कर रही हैं। किसी को भी क्लीनचिट नहीं दी गई है। जांच जारी है।

# असम में बाढ़ में अब तक 56 की मौत

## MP-राजस्थान सहित 17 राज्यों में भारी बारिश का अलर्ट; कश्मीर में हीटवेव, 17 जुलाई तक स्कूल बंद

देश के कई राज्यों में भारी बारिश के चलते बाढ़ की स्थिति बन गई है। असम में बाढ़ के चलते गुरुवार को 8 लोगों की मौत हुई, जिससे अब तक मरने वालों का आंकड़ा बढ़कर 56 हो गया है। 29 जिलों के 21.13 लाख लोग बाढ़ से प्रभावित हैं। काजीरंगा नेशनल पार्क में आई बाढ़ में अब तक कुल 31 जानवरों की डूबने से मौत हो चुकी है, जबकि 82 जानवरों को बाढ़ से बचाया गया है।



उत्तराखंड में गंगोत्री-गोमुख ट्रैक पर चिरबासा धारा में आई बाढ़ के चलते उस पर बना लकड़ी का पुल टूट गया। इस धारा में दिल्ली के दो कांवड़िए बह गए। वन विभाग के अधिकारियों ने बताया कि यह घटना गंगोत्री से लगभग नौ किलोमीटर दूर हुई। ग्लेशियर के पिघलने के कारण धारा का जलस्तर अचानक बढ़ गया था।

IMD ने शुक्रवार के लिए 17 राज्यों- जम्मू-कश्मीर, उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेश, पंजाब, उत्तर प्रदेश, बिहार, सिक्किम, उत्तरी पश्चिम बंगाल, अरुणाचल प्रदेश, मणिपुर, मेघालय, असम, नागालैंड, त्रिपुरा, मिजोरम, महाराष्ट्र, गोवा में अति भारी बारिश का अलर्ट जारी किया है। 11 राज्यों- हरियाणा, चंडीगढ़, दिल्ली, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, ओडिशा, झारखंड, राजस्थान, गुजरात, कर्नाटक, केरल में भारी बारिश का अलर्ट जारी किया है।

कश्मीर में हीटवेव, स्कूलों में 13 दिन की छुट्टी

एक तरफ जहां बाकी देश मानसूनी बारिश से सराबोर हो रहा है, वहीं गर्मियों में भी ठंडी रहने वाली कश्मीर घाटी इन दिनों तप रही है। श्रीनगर हो या गुलमर्ग, सोनमर्ग हो या फिर अमरनाथ यात्रा रूट, पहली बार पूरी घाटी लू की चपेट में है। पारा लगातार 32 डिग्री से ऊपर बना हुआ है।

श्रीनगर पहली बार बीते 7 दिन से 35 डिग्री से ज्यादा तापमान झेल रहा है। गुरुवार को यह 35.7 डिग्री रहा। यह सामान्य से करीब 7 डिग्री ज्यादा है। इससे पहले 9 जुलाई 1999 को श्रीनगर में 37 डिग्री तापमान था।

हीटवेव के चलते घाटी के स्कूलों में 17 जुलाई तक गर्मी की छुट्टी घोषित कर दी गई है। स्वास्थ्य विभाग ने भी हेल्थ एडवाइजरी जारी कर दी है। जिन इलाकों में 15 दिन पहले तक बहुत ज्यादा भीड़ थी, वहां गर्मी के चलते पर्यटक घट गए हैं। ये हालात तब हैं, जब जम्मू-कश्मीर में मानसून दस्तक दे चुका है।

रॉयल पत्रिका

## खबर संक्षेप

### एयरटेल के 37.5 करोड़ ग्राहकों का डेटा लीक!




नई दिल्ली। देश की दिग्गज टेलिकॉम कंपनी भारती एयरटेल के ग्राहकों के डेटा लीक की खबरें चल रही हैं। टेलिकॉम कंपनी ने इसका खंडन किया है जिनमें यह कहा गया था कि एयरटेल के करीब 37.5 करोड़ ग्राहकों के डिटेल हैक कर लिए गए हैं और उनके फोन नंबर, ईमेल एड्रेस, आधार नंबर जैसी जानकारी डार्क वेब पर बिक्री के लिए उपलब्ध है।

### 6900 तीर्थयात्रियों को जत्था अमरनाथ रवाना



जम्मू। दक्षिण कश्मीर हिमालय में स्थित प्रसिद्ध अमरनाथ गुफा मंदिर में हिम शिवलिंग के दर्शन लिए शुक्रवार को 6,900 तीर्थयात्रियों का आंठवा जत्था 277 वाहनों में सवार होकर निकला। भगवती नगर यात्री निवास से सुबह तीन बजकर 45 मिनट पर बालटाल और पहलगाम आधार शिविरों के लिए रवाना हुआ।

### दुनिया की पहली सीएनजी बाइक लॉन्च



पुणे। बजाज ऑटो की पहली सीएनजी बाइक फ्रीडम का लॉन्च शुक्रवार को पुणे में केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी की मौजूदगी में हुआ। बजाज फ्रीडम दुनिया की पहली सीएनजी बाइक है। एक्स शोरूम कीमत 95,000 रुपए रखी गई है। दावा है कि 1 किलो सीएनजी पर 102 किमी व 1 लीटर पेट्रोल पर 67 किमी का माइलेज होगा।

### नीट-यूजी विवाद में हलफनामा

**रॉयल पत्रिका**

नीट-यूजी विवाद को लेकर सुप्रीम कोर्ट में दाखिल किया सरकार ने अपना हलफनामा दाखिल कर दिया है। सरकार ने हलफनामे में कहा कि सीबीआई मामले की जांच कर रही है, कई राज्यों में पेपर लीक की शिकायतें आई हैं। लेकिन, परीक्षा रद्द करना उचित नहीं है। यह होनहार छात्रों के साथ धोखा होगा। सरकार की ओर से शिक्षा मंत्रालय में उच्च शिक्षा विभाग के डायरेक्टर वरुण भारद्वाज

- जिन्होंने ईमानदारी से परीक्षा दी, वे परेशान

### कार ने मारी टक्कर, पिता, बेटा-बेटी की मौत



पटना। पटना के पुनपुन-बिहटा-सरमेरा हाईवे पर डुमरी चौराहा के पास शुक्रवार को एक अनियंत्रित कार ने दो बाइक को टक्कर मार दी। एक बाइक पर तीन लोगों की मौत हो गई। वहीं दूसरे बाइक पर सवार एक युवक की हालत गंभीर है। आननफानन में सभी पटना के निजी नर्सिंग होम में भर्ती कराया गया। यहां इलाज के दौरान डॉक्टरों ने युवक और उसके बेटे व बेटी को मृत घोषित कर दिया।

## सीएम योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर यूपी के 20 शहरों में नया मास्टर प्लान लागू

# भू-उपयोग के आधार पर दी जाएगी अनुमति मनमाना निर्माण करने पर होगी कड़ी कार्रवाई

नए मास्टर प्लान में आवासीय भूमि पर मकान ही बनाए जा सकेंगे और इस पर व्यवसायिक निर्माण पर पूरी तरह से रोक होगी। मनमाना निर्माण करने वालों को भवन विकास उपविधि के आधार पर कार्रवाई शुरू की जाएगी।

**रॉयल पत्रिका**

सीएम योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर यूपी में शहरों को सुनियोजित तरीके से बसाने के साथ खूबसूरत बनाने के लिए प्रदेश के 20 शहरों में नया मास्टर प्लान प्रभावी हो गया है। इसके अलावा शेष बचे 39 शहरों में भी इसी माह नया मास्टर प्लान लागू करने की तैयारी है। इसके प्रभावी होने के साथ ही शहरों में मनमाने तरीके से निर्माण पर रोक तो लगेगी ही साथ ही तय भू-उपयोग के आधार पर ही निर्माण की अनुमति विकास प्राधिकरणों द्वारा दी जाएगी। उदाहरण के लिए आवासीय भूमि पर मकान ही बनाए जा सकेंगे और इस पर व्यवसायिक निर्माण पर पूरी तरह से रोक होगी।

**खास बातें**

- मास्टर प्लान लागू होने से शहरों का बढ़ेगा दायरा
- विकास प्राधिकरण नई आवासीय व व्यवसायिक योजनाएं ला सकेंगे
- मनमाने तरीके से अवैध प्लाटिंग नहीं कर सकेंगे
- उद्योगों को तय स्थान पर ही



### किसानों से समझौते के आधार पर भूमि ली जा सकेगी

आवास विभाग ने लखनऊ, अयोध्या, उरई, गोरखपुर, वाराणसी, मेरठ, मथुरा, आजमगढ़, अलीगढ़, हापुड़, रामनगर-मुगलसराय, सहारनपुर, फिरोजाबाद, शिकोहाबाद, अमरोहा, बरेली, मुरादाबाद, पीलीभीत, बस्ती व गजरौला विकास प्राधिकरण क्षेत्र का नया मास्टर प्लान लागू कर दिया है। मास्टर प्लान लागू होने के साथ ही इन शहरों का दायरा भी बढ़ गया है। इसका फायदा विकास प्राधिकरणों को नई आवासीय व व्यवसायिक योजनाएं लाने में होगा। विकास प्राधिकरणों को नए क्षेत्रों में भूमि अधिग्रहण का रास्ता खुलेगा। किसानों से समझौते के आधार पर भूमि ली जा सकेगी। इसके साथ ही शहरों में जरूरत के आधार पर पार्क, सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट, ग्रीन क्षेत्र के साथ ही सामुदायिक केंद्रों की सुविधाएं भी मिलेंगी।

### रुकेगा मनमाना निर्माण

अपर मुख्य सचिव आवास नितिन रमेश गोकर्ण ने विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्षों को निर्देश दिया है कि शहरों में नए मास्टर प्लान में तय किए गए भू-उपयोग के आधार पर निर्माण की अनुमति दी जाएगी। नक्शा पास करते समय यह देखा जाएगा कि आरक्षित भू उपयोग के आधार पर ही निर्माण की अनुमति मांगी जा रही है या नहीं। भू-उपयोग से इतर निर्माण की अनुमति नहीं दी जाएगी। पार्क व ग्रीन बेल्ट के लिए आरक्षित भूमि पर किसी भी तरह के निर्माण की अनुमति नहीं दी जाएगी। इसके साथ ही यह भी देखा जाएगा कि मास्टर प्लान वाले क्षेत्र में मनमाने तरीके से अवैध प्लाटिंग तो नहीं की जा रही है।

### 50 साल पूरे कर चुके सभी पुलों का करें निरीक्षण

सीएम योगी आदित्यनाथ ने यूपी में 50 साल पूरे कर चुके सभी पुलों के निरीक्षण कराने का आदेश दिया है। उन्होंने कहा है कि यूपी के सभी सेतुओं के सुपर स्ट्रक्चर, पियर की स्थिति, सेतुओं के वाटर-वे में ब्लाकेज, पियर के साइड में स्कावर होल, सेतु के एबटमेन्ट ढाल एवं बोल्डर का परीक्षण कराया जाए। निरीक्षण के समय कोई सेतु असुरक्षित नजर आता हो तो तत्काल उसे यातायात के लिए बंद किया जाए। स्थानीय जिला प्रशासन को इसकी सूचना दें। सीएम ने लोक निर्माण विभाग के कार्यों की समयबद्धता और गुणवत्ता सुनिश्चित करते हुए जरूरी दिशा-निर्देश दिए।

## ओलंपिक के लिए जा रहे खिलाड़ियों से मिले पीएम मोदी, दिया विजय का मंत्र

# आप सबके दिल में देश और तिरंगा हो, यही 'जीत' का रास्ता

प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत की कोशिश है कि हम 2036 में ओलंपिक की मेजबानी करें

**रॉयल पत्रिका**

पेरिस ओलंपिक के लिए खिलाड़ियों की रवानगी से पहले पीएम मोदी ने उनसे शुक्रवार को खास मुलाकात की और उन्हें विजय मंत्र दिया। उन्होंने कहा कि आपके दिल में देश और तिरंगा हो।

यही विजय मंत्र है। इस दौरान प्रधानमंत्री ने खिलाड़ियों से ओलंपिक 2036 की मेजबानी की भारत की दावेदारी कामयाब रहने को लेकर पेरिस में व्यवस्थाओं का अनुभव साझा करने का आग्रह किया। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत की कोशिश है कि हम 2036 में ओलंपिक की मेजबानी करें। इससे भी बड़ा माहौल बनता है और हम प्रयास कर रहे हैं। बुनियादी ढांचा तैयार करने पर विशेषज्ञ काम कर रहे हैं।

उन्होंने कहा कि मैं ओलंपिक से पहले नहीं लेकिन बाद में वहां की व्यवस्थाओं का जायजा लेने का आपसे आग्रह करूंगा । आप लोग भी खेल के बाद वहां व्यवस्थाएं क्या हैं, उसे देखें । खिलाड़ियों से जो इनपुट मिलेगा, वह 2036 के लिये काम आएगा। आप यह देखकर आएंगे तो हमें बहुत सुविधा होगी।

पेरिस ओलंपिक 26 जुलाई से 11 अगस्त के बीच खेले जाएंगे




भारत का अब तक का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन टोक्यो ओलंपिक में रहा

जिसमें भालाफेंक में नीरज चोपड़ा के ऐतिहासिक स्वर्ण समेत भारत ने सात पदक जीते

### भारतीय दल में 100 खिलाड़ी

भारत के 100 से अधिक खिलाड़ियों ने ओलंपिक के लिए क्वालीफाई किया है जिसमें 21 निशानेबाज हैं



# रॉयल पत्रिका

## संपादकीय...

### भारत-चीन विदेश मंत्रियों की SCO में मुलाकात से रिश्तों में दिखी सुधार की उम्मीद

भारत और चीन पूर्वी लद्दाख में गतिरोध को जल्द से जल्द हल करने पर सहमत हुए हैं। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने गत गुरुवार को कजाकिस्तान में शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के शिखर सम्मेलन से इतर अपने चीनी समकक्ष वांग यी के साथ बैठक कर इस मसले पर विस्तार से बातचीत की। इस दौरान भारत ने अपना रुख दोहराते हुए कहा कि वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) का सम्मान करने के साथ ही सीमा पर शांति बहाली आवश्यक है। इससे दोनों देशों के बीच सीमा पर हालात सामान्य होने और द्विपक्षीय संबंधों में सुधार को लेकर उम्मीद की एक नई किरण नजर आई है।

विदेश मंत्री ने चीनी नेता से कहा संबंधों में संवेदनशीलता हो

दरअसल, विदेश मंत्री ने अपने चीनी समकक्ष के साथ वार्ता में साफ कहा कि दोनों देशों के बीच संबंध पारस्परिक सम्मान, आपसी हित और संवेदनशीलता पर आधारित होने चाहिए। उन्होंने इस बात पर भी जोर दिया कि सीमा पर शांति और द्विपक्षीय संबंधों में स्थिरता तभी आएगी, जब सीमा प्रबंधन के लिए अतीत में दोनों पक्षों के बीच हुए द्विपक्षीय समझौतों और नियमों का पूरी तरह पालन किया जाएगा।

भारत-चीन के बीच एलएसी पर शांति बनाए रखने के लिए अतीत में कई समझौते हुए हैं, जिनमें यह बात भी शामिल रही कि कोई भी देश सीमा विवाद को लेकर एक-दूसरे के खिलाफ सेना या किसी अन्य तरह के बल का प्रयोग नहीं करेगा और एलएसी के जिन इलाकों को लेकर सहमति नहीं बनी है, वहां सैन्य गश्त नहीं होगी। दोनों देशों की सीमा पर यथास्थिति बनी रहेगी। मगर सवाल है कि क्या चीन की ओर से इन बातों पर अमल को लेकर कभी गंभीरता दिखाई गई?

यह छिपा नहीं है कि चीन की सेना की ओर से समय-समय पर इन समझौतों का उल्लंघन किया जाता रहा है, सीमा पर गलत तरीके से घुसपैठ करके भारत के लिए मुश्किल पैदा करने की कोशिश की जाती रही है। मई, 2020 में लद्दाख की गलवान घाटी की घटना चीन की इसी हरकत का नतीजा थी, जब चीनी सेना समझौते को तोड़कर पूर्वी लद्दाख में निर्धारित बिंदुओं से आगे बढ़कर गश्त करने पहुंच गई थी। भारतीय सुरक्षाबलों ने इसका विरोध किया और दोनों पक्षों के बीच हिंसक झड़प हुई थी। तब से लेकर पूर्वी लद्दाख में गतिरोध बरकरार है। अरुणाचल प्रदेश में चीन की दखलअंदाजी छिपी नहीं रही है।

ऐसा नहीं कि इस गतिरोध को खत्म करने के प्रयास नहीं हुए। हालांकि दोनों पक्ष टकराव वाले कुछ क्षेत्रों से पीछे हटे हैं, पर चीन की चालबाजी से ये प्रयास पूरी तरह सफल नहीं हो पाए हैं। इस मसले पर दोनों देशों के बीच सैन्य स्तर की कई दौर की वार्ता हो चुकी है, लेकिन इनका कोई ठोस नतीजा नहीं निकल पाया है। भारत-चीन के सैन्य कमांडरों के बीच पिछली वार्ता इसी साल फरवरी में हुई थी, जिसमें दोनों पक्ष सीमा पर शांति और स्थिरता बनाए रखने पर सहमत हुए, लेकिन गतिरोध के स्थायी समाधान की दिशा में कोई ठोस प्रगति नहीं हुई।

अब भारत-चीन के विदेश मंत्रियों के बीच वार्ता के जरिए नए सिरे से कूटनीतिक प्रयासों ने इस मसले को सुलझाने के लिए नया आधार दिया है। इस बैठक में दोनों पक्ष इस बात पर भी सहमत हुए कि सीमा क्षेत्रों में वर्तमान में जो हालात हैं, उन्हें लंबा खींचना किसी के भी हित में नहीं है। मगर सवाल यह भी है कि क्या चीन अपने कूटनीतिक वक्तव्यों को यथार्थ की शक्ल देगा? यह इस बात पर निर्भर करता है कि चीन इस वार्ता के निष्कर्षों पर अमल को लेकर कितनी ईमानदार इच्छाशक्ति रखता है।

# नए कानूनों ने कैसे बढ़ाई पुलिस की पावर

## थाने में 24 घंटे बिठा सकेंगे, FIR से पहले जांच, 90 दिनों की हिरासत

2008 का एक मामला है। ललिता कुमारी नाम की नाबालिग को 4 लोगों ने कथित तौर पर किडनैप किया और यौन शोषण किया। ललिता के पिता भोला कामत थाने पहुंचे, तो पुलिस ने FIR दर्ज करने से इनकार कर दिया। भोला कामत ने सुप्रीम कोर्ट में गुहार लगाई। मामला 5 जजों की संविधान पीठ को भेजा गया।

संविधान पीठ ने 2013 में आदेश दिया कि गंभीर अपराधों की शिकायत मिलते ही पुलिस को FIR दर्ज करनी होगी। अगर पुलिस अधिकारी देरी करता है तो उसके खिलाफ कार्रवाई की जा सकती है। पुलिस के लिए FIR दर्ज करने में ये केस एक बड़ी नजीर बना।

1 जुलाई 2024 से लागू तीन नए क्रिमिनल कानूनों के बाद सुप्रीम कोर्ट का ये आदेश अब बेअसर हो गया है। अब पुलिस को FIR दर्ज करने से पहले प्रारंभिक जांच के लिए 14 दिन का समय मिलेगा, जिससे वो तय कर सके कि केस बनता है या नहीं।

नए कानूनों में ऐसे बहुत से प्रावधान हैं, जो पुलिस को पहले से ज्यादा ताकतवर बनाते हैं। मसलन- पुलिस अब आरोपी को 90 दिन तक हिरासत में रख सकती है, पहले ये अवधि 15 दिन थी। लोकल पुलिस अधिकारी को भी अब 'टेररिस्ट एक्ट' लगाने का अधिकार होगा।

**सबसे पहले पुलिस की वर्किंग समझते हैं...**

सामान्य तौर पर पुलिस का काम लॉ एंड ऑर्डर बरकरार रखना होता है। पुरानी CrPC और नए BNSS कानूनों में पुलिस की वर्किंग को लगभग एक जैसा ही रखा गया है। दोनों के मुताबिक मोटे तौर पर पुलिस के तीन काम हैं...

1. निवारक कार्रवाई (Preventive Action):

पुलिस का प्रमुख काम अपराध होने से पहले ही रोकना और कानून व्यवस्था बनाए रखना है। CrPC में निवारक कार्रवाई का जिक्र चैप्टर 11 के सेक्शन 149 से 153 तक है। वहीं BNSS में इसका जिक्र चैप्टर 12 के सेक्शन 168 से लेकर 172 तक है।

2. जांच करने की शक्ति (Power to Investigate):

इसके तहत पुलिस को किसी मामले की जांच करने का अधिकार प्राप्त है। पुलिस मामले से जुड़े सबूतों, बयानों और वस्तुओं को भी इकट्ठा कर सकती है। साथ ही अदालतें पुलिस को मामले की जांच करने के लिए आदेशित कर सकती हैं। CrPC में इसका जिक्र चैप्टर 12 के सेक्शन 154 से लेकर 176 तक है। वहीं BNSS में इसका जिक्र चैप्टर 13 के सेक्शन 173 से लेकर 196 तक है।

3. वारंट पेश करना (Execution of Warrant):

अदालतों की ओर से जारी होने वाले वारंट को पेश करने और उसके तहत कार्रवाई करने का काम पुलिस का ही होता है। पुलिस अरेस्ट और सर्च दोनों ही वारंट पेश करती है। अरेस्ट वारंट के तहत पुलिस गिरफ्तार कर सकती है और सर्च वारंट के तहत तलाशी ले सकती है।

**नए क्रिमिनल कानूनों में ऐसे 7 प्रमुख प्रावधान जोड़े गए हैं जो पुलिस की पावर को बढ़ाते हैं...**

1. पुलिस के निर्देश नहीं मानने पर गिरफ्तारी, मजिस्ट्रेट के सामने पेश करना जरूरी नहीं

BNSS के सेक्शन 172 के तहत, 'किसी मौके या क्षेत्र में पुलिस की ओर से दिए गए वैध निर्देशों का पालन करने के लिए सभी लोग बाध्य होंगे। किसी निर्देश का पालन करने से इनकार करने, अवमानना या प्रतिरोध करने वाले व्यक्ति को पुलिस हिरासत में ले सकती है या इलाके से हटा सकती है। ऐसे व्यक्ति को मजिस्ट्रेट के समक्ष पुलिस पेश कर सकती है या छोटे मामलों में उसे 24 घंटे के भीतर रिहा कर सकती है।'

इसके पहले CrPC के सेक्शन 41 और 151 के तहत पुलिस बिना किसी वारंट के किसी भी व्यक्ति को हिरासत में ले सकती थी, लेकिन अब BNSS के 172 के तहत पुलिस किसी भी व्यक्ति को अपने निर्देशों की अवहेलना के करने के लिए 24 घंटे तक हिरासत में रख सकती है। इसके लिए पुलिस उस व्यक्ति को मजिस्ट्रेट के सामने पेश करने के लिए बाध्य नहीं है।

2. पुलिस रिमांड की अवधि 15 से बढ़ाकर 90 दिन हुई

BNSS में पुलिस रिमांड अवधि को 90 दिन तक कर दिया गया है। अब 90 दिन की रिमांड को एक साथ या अलग-अलग लिया जा सकता है। इसका मतलब है कि आरोपी को तीन महीने तक पुलिस कब्जे में रख सकती है। अगर 15 दिन पूरे होने से पहले बेल मिल गई तो पुलिस एक दिन पहले रिमांड के लिए आवेदन दे सकती है और बेल रद्द हो जाएगी।

CrPC की धारा 167(2) के मुताबिक, किसी आरोपी को अधिकतम 15 दिन तक ही पुलिस रिमांड पर रख सकती थी। इसके बाद उसे न्यायिक हिरासत यानी जेल में भेजना अनिवार्य था। इसका मकसद, पुलिस को सही तरीके से समय पर जांच पूरी करने लिए मोटिवेट करना था। वहीं रिमांड में यातना और जबरन कबूलनामे की आशंका को कम करना था।

BNSS के 187(3) में पुलिस हिरासत (रिमांड) के अलावा अन्य शब्दों को हटा दिया गया है। इससे पुलिस को BNS के हर अपराध के लिए आरोपी को तीन महीने तक रिमांड में रखने की अनुमति मिल गई है।

अगर ऐसा होता है तो यह जमानत के अधिकार पर अतिक्रमण जैसा होगा। पुलिस लोगों को ज्यादा प्रताड़ित कर सकती है। पहले पंद्रह दिन में रिमांड खत्म हो जाती थी। अब ऐसा नहीं होगा। अब अगर कोई 90 दिनों तक रिमांड पर रहेगा तो वकील का खर्च भी बढ़ेगा।

3. गिरफ्तारी के दौरान और कोर्ट में आरोपी को हथकड़ी लगेगी

BNSS के चैप्टर 5 में सेक्शन 35 से 62 तक गिरफ्तारी की प्रक्रिया और निर्देश दिए गए हैं। सेक्शन 43 के तहत बताया गया है कि 'गिरफ्तारी कैसे की जाएगी?' इस सेक्शन में एक नया प्रावधान किया गया है, जो CrPC में नहीं था।

BNSS के सेक्शन 43(3) के तहत 'पुलिस अधिकारी अपराध की प्रकृति और गंभीरता को ध्यान में रखते हुए किसी व्यक्ति को गिरफ्तार करते समय या ऐसे व्यक्ति को अदालत में पेश करते समय हथकड़ी का इस्तेमाल कर सकता है।'

पहले नियम था कि आरोपी को हथकड़ी न लगवाने का अधिकार है, जब तक पुलिस अधिकारी उचित व पर्याप्त कारण न बता सके और अदालत स्वीकार करके अनुमति न दे। आरोपी को हथकड़ी लगाने या न लगाने को लेकर 'प्रेम शंकर शुक्ला बनाम दिल्ली प्रशासन' (1980) में सुप्रीम कोर्ट ने निर्देशित किया है।

प्रेम शंकर शुक्ला मामले में सुप्रीम कोर्ट ने माना, 'हथकड़ी का इस्तेमाल करना मानवीय गरिमा के लिए घृणित है और संविधान के आर्टिकल 21 का उल्लंघन करता है।' इसका जिक्र 'डीके बसु बनाम पश्चिम बंगाल राज्य' (1997) में भी है। इसमें कहा गया है कि 'हथकड़ी या पैर में जंजीरों के इस्तेमाल से बचना चाहिए। अगर ऐसा करना ही है तो 'प्रेम शंकर शुक्ला बनाम दिल्ली प्रशासन' (1980) में सुप्रीम कोर्ट के फैसले में बताए गए कानून सख्ती से इस्तेमाल किए जाने चाहिए।'

4. FIR से पहले 14 दिन की प्राथमिक जांच कर सकती है पुलिस


BNSS के चैप्टर 13 के सेक्शन 173 में प्रावधान है कि 'पुलिस अधिकारी को किसी संगीन मामले की शिकायत मिलने पर FIR लिखने से पहले अपने सीनियर ऑफिसर से अनुमति लेकर 14 दिन की प्राथमिक जांच करनी होगी।' यानी पुलिस अधिकारी को 14 दिन का समय मिलेगा, जिसमें वो तय करेगा कि मामले में प्रथमदृष्टया केस बनता है या नहीं।

जबकि 'ललिता कुमारी बनाम उत्तर प्रदेश प्रशासन' (2014) में सुप्रीम कोर्ट की संवैधानिक पीठ का फैसला इस सेक्शन से बिल्कुल ही विपरीत है। सुप्रीम कोर्ट ने फैसला दिया था कि 'संगीन आरोप लगाने वाली शिकायत पर FIR दर्ज की जानी चाहिए।' इस प्रावधान और सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बीच विरोध है, जो भ्रम की स्थिति पैदा करता है।

5. आतंकवाद और देशद्रोह के प्रावधान BNS में शामिल

BNS में टेररिस्ट एक्ट को 'मानव शरीर के खिलाफ अपराध' नाम के चैप्टर 6 में सेक्शन 113 के तौर पर जोड़ा गया है। इसमें 'भारत की एकता, अखंडता, संप्रभुता, सुरक्षा या आर्थिक सुरक्षा को खतरे में डालने वाले कृत्य' शामिल किए गए हैं। है।

## जीवन का मात्र अनुभव करें



संकलित

दर्शन

अकसर हम यह सोचते हैं कि जिसने जीवन में अधिक कठिनाइयों का सामना किया है, वह जल्दी समझदार बन जाता है। कितना सही है यह सोच। वस्तुतः जीवन में कठिन कुछ नहीं होता है। जीवन में सिर्फ परिस्थितियां होती हैं। फिर चाहे आप उसका अनुभव एक कठिनाई के रूप में करें या आनंद के रूप में। यह चुनने का अधिकार आपका अपना है। अगर आप समझदार हैं तो आप हर परिस्थिति को एक आनंदमय प्रक्रिया में बदल देंगे। अगर आप समझदार नहीं हैं, तो आप अपने लिए हर परिस्थिति को कठिनाई बना लेंगे। अगर आप जानते हैं कि अपने दिमाग में चल रही बेतुकी बातों को कैसे महत्व ना दें, अगर आप अपने दिमाग में चल रहे मनोवैज्ञानिक बकवास में उलझे नहीं, तो आप निश्चित रूप से जल्दी समझदार बन जाएंगे।जीवन सिर्फ परिस्थिति है। 'दुखद' परिस्थिति या 'सुखद' परिस्थिति जैसी कोई चीज नहीं होती। अगर आप आसान परिस्थिति चाहते हैं, तो यह बहुत आसान है। हम आपको एक पिंजरे में बंद कर सकते हैं और जितना आप खा सकते हैं, उससे अधिक भोजन आपको दे सकते हैं। आप बस पिंजरे में रहिए। हम इसका खयाल रखेंगे कि आप सभी चीजों से पूरी तरह सुरक्षित हों। कोई खतरा नहीं, कोई मुश्किल नहीं। आपको परिवार, बीवी-बच्चों का खयाल नहीं रखना है, रोजी-रोटी नहीं कमानी, कुछ नहीं करना है। कोई भी परेशानी नहीं। सारी बातों का खयाल रखा जाएगा। आप बस उस पिंजरे में रहिए। क्या आप ऐसा चाहते हैं? क्या इससे आपको सुख मिलेगा? नहीं।

## अहंकार ही व्यक्ति के समस्याओं का कारण है



संकलित

प्रेरणा

एक बार नारद मुनि ने कामदेव को पराजित कर दिया तो इस बात का घमंड हो गया। इसके बाद नारद जी जहां जाते, वहां अपनी तारीफ करने लगते। ऐसे ही एक दिन वे शिव जी के पास पहुंच गए। नारद जी ने शिव जी के सामने अपनी प्रशंसा करना शुरू कर दी। शिव जी नारद मुनि की बातें सुनकर समझ गए कि इन्हें अहंकार हो गया है। शिव जी से विदा लेकर नारद मुनि विष्णु जी के पास पहुंच गए और विष्णु जी के सामने अपनी तारीफ करनी शुरू कर दी। विष्णु जी के सामने नारद मुनि ने अहंकार दिखाया तो विष्णु जी ने तय किया कि नारद जी भक्त हैं और इनका घमंड करना सही नहीं है। इसके बाद विष्णु जी ने अपनी माया रची। नारद मुनि विष्णु जी के यहां लौट रहे थे तो उन्हें रास्ते में एक सुंदर राज्य दिखा। वे उस राज्य में पहुंचे तो वहां देखा कि एक राजकुमारी का स्वयंवर हो रहा है। राजकुमारी बहुत सुंदर थी। उसे देखकर नारद ही मोहित हो गए और तुरंत ही विष्णु जी के पास पहुंच गए। नारद मुनि ने विष्णु जी से कहा कि आप मुझे सुंदर रूप दे दीजिए। ताकि मैं उस स्वयंवर राजकुमारी से विवाह कर सकूं। इसके बाद नारद मुनि उस स्वयंवर में पहुंच गए। विष्णु जी ने नारद मुनि को बंदर का मुख दे दिया था। स्वयंवर में नारद पहुंचे तो वहां बंदर जैसे मुख की वजह से उनका बहुत अपमान हुआ। गुस्से में नारद मुनि ने विष्णु जी को शाप दे दिया, लेकिन जब उनका मन शांत हुआ तो उन्हें पूरी बात समझ आ गई। जब नारद का घमंड टूटा तो उन्होंने भगवान से क्षमा मांगी।

# अमरनाथ यात्रा भारी बारिश के कारण रोकी गई

जम्मू-कश्मीर में भारी बारिश के कारण अमरनाथ यात्रा शनिवार (6 जुलाई) को रोक दी गई है। पवित्र गुफा तक जाने वाले पहलगाम और बालटाल, दोनों रूट पर कल रात से रुक-रुक कर बारिश हो रही है। यात्रियों को वापस उनके बेस कैंप भेजा जा रहा है। मौसम में सुधार के बाद यात्रा फिर से शुरू होगी। 29 जून से शुरू हुई अमरनाथ यात्रा 19 अगस्त को खत्म होगी। 3,800 मीटर ऊंचे गुफा मंदिर में अब तक 1.50 लाख से ज्यादा श्रद्धालु दर्शन कर चुके हैं। हालांकि, अमरनाथ यात्रा शुरू होने के सातवें दिन यानी 5 जुलाई को ही बाबा बर्फानी अदृश्य हो गए है। ऐसा पहली बार हुआ है। अब यहां आने वाले श्रद्धालुओं को पवित्र गुफा के ही दर्शन होंगे।

उत्तराखंड में भारी बारिश और लैंडस्लाइड के कारण डोलिया देवी (फाटा) में रुद्रप्रयाग से गौरीकुंड और ऋषिकेश से बद्रीनाथ जाने वाला नेशनल हाईवे 107 और 58 ब्लॉक हो गया है। सड़क पर जगह-जगह मलबा जमा है, जिसके कारण आवागमन बाधित है। मौसम विभाग ने उत्तराखंड में आज भारी बारिश का रेड अलर्ट जारी किया है। राज्य में 6-7 जुलाई के दौरान अलग-अलग स्थानों पर भारी बारिश होने की आशंका है। इस दौरान 64.5-115.5 mm से 115.5-204.4 mm तक बारिश हो सकती है। असम में बारिश-बाढ़ से अब तक 62 की मौत, 3 लापता असम में बारिश, बाढ़, तूफान और लैंडस्लाइड में जान गंवाने वालों का आंकड़ा 62 पहुंच गया है। 3 लापता हैं। बाढ़ के कारण 29 जिलों में 22 लाख लोग प्रभावित हैं। नदियां खतरे के निशान से ऊपर बह रही हैं। काजीरंगा नेशनल पार्क में बाढ़ के कारण 77 जानवरों की मौत हो चुकी है। 94 जानवरों का अब तक रेस्क्यू किया गया है। आज 15 राज्यों में भारी बारिश का अलर्ट IMD ने शनिवार (6 जुलाई) के लिए 28 राज्यों- उत्तराखंड, पंजाब, उत्तर प्रदेश, बिहार, सिक्किम, पश्चिम बंगाल, अरुणाचल प्रदेश, मणिपुर, मेघालय, असम, महाराष्ट्र, गोवा, गुजरात, ओडिशा, कर्नाटक, हिमाचल प्रदेश, हरियाणा, दिल्ली, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, ओडिशा, झारखंड, राजस्थान, केरल, नगालैंड, त्रिपुरा, मिजोरम और त्रिपुरा में भारी बारिश का अलर्ट जारी किया है।

उत्तर प्रदेश, राजस्थान और मध्य प्रदेश में आज से अगले तीन दिन तक भारी बारिश का अनुमान है। मौसम विभाग ने कहा है कि आज देश के 15 राज्यों में तेज बारिश होने की संभावना है।

दिल्ली में 24X7 बाढ़ नियंत्रण कक्ष स्थापित किए गए मौसम विभाग ने शनिवार को दिल्ली में बादल छाए रहने का अनुमान जताया है। यहां गरज के साथ बारिश हो सकती है। बिजली गिरने के भी आसार हैं। अगले 4-5 दिन दिनों में राजधानी में भारी बारिश का अनुमान है।

दिल्ली सरकार में मंत्री आतिशी और सौरभ भारद्वाज ने शुक्रवार को कहा कि यमुना के जलस्तर पर निगरानी रखी जा रही है। बाढ़ की स्थिति पर नजर बनाए रखने के लिए 24X7 बाढ़ नियंत्रण कक्ष स्थापित किए गए हैं। जो हथिनी कुंड बैराज के जलस्तर पर नजर बनाए रखेगा। जैसे ही बैराज से एक लाख क्यूसेक से अधिक पानी छोड़ा जाएगा, बाढ़ नियंत्रण विभाग सहित सभी एजेंसियां सक्रिय हो जाएंगी।

## अंतर्मन




### आज की पाती

#### स्वामी विवेकानंद जी को आदर्श बनाएं युवा

चार जुलाई को स्वामी विवेकानंद जी की पुण्यतिथि थी। उनका बचपन का नाम नरेंद्र दत्त था। रामकृष्ण परमहंस ने इन्हें प्रभु पूजा और मानवता की सेवा करने की शिक्षा दी और स्वामी जी ने इस शिक्षा का पालन करते हुए, अपना जीवन मानवता की सेवा में लगाया। रवींद्रनाथ टैगोर ने स्वामी विवेकानंद के बारे में कहा था, 'यदि आप भारत को जानना चाहते हैं, तो स्वामी विवेकानंद को पढ़िए। उनमें आप सब कुछ सकारात्मक ही पाएंगे, नकारात्मक कुछ भी नहीं।' स्वामी विवेकानंद जी के विचार आज भी युवा पीढ़ी के लिए प्रेरक हैं। स्वामीजी ने एक बार अपने भाषण में युवाओं से कहा था कि यदि सफल होना चाहते हो तो सबसे पहले अपने अहम् का नाश कर डालो।

- विकास वर्मा, महासमुंद

## करंट अफेयर

### इजराइल ने जेनिन शहर में सैन्य अभियान चलाया

इजराइली सेना ने शुक्रवार को कहा कि उसकी ओर से की जा रही आतंकवाद रोधी कार्रवाई में पश्चिमी तट के शहर जेनिन के इलाके में किया गया हवाई हमला भी शामिल है। फलस्तीन अधिकारियों ने बताया कि चार लोग मारे गए हैं। सेना ने कहा कि इजराइली सैनिकों ने उस इमारत को घेर लिया जहां आतंकवादी छिपे थे और इसके बाद सैनिकों ने जवाबी गोलीबारी की, जबकि एक हवाई हमले में क्षेत्र के "कई सशस्त्र आतंकवादियों को निशाना' बनाया गया। फलस्तीन के स्वास्थ्य मंत्रालय ने कहा कि चार लोगों की मौत हुई है, लेकिन उनकी पहचान के संबंध में कोई जनकारी नहीं दी गई। जेनिन में यह झड़प इजराइल बस्ती विरोधी निगरानी समूह के एक दिन पहले दिये गये उस बयान के बाद हुई है जिसमें कहा गया था कि सरकार के कब्जे वाले पश्चिमी तट की बस्तियों में करीब 5300 नए घर बनाने की योजना है। जेनिन को उग्रवादियों के गढ़ के रूप में जाना जाता है जहां सेना अक्सर अभियान चलाती है।



## ऑफ बीट

### हृदय रोगियों को स्वास्थ्य प्रबंधन की जानकारी कम

एक नया अध्ययन हृदय रोगों के प्रबंधन में रोगी शिक्षा की महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डालता है। हृदय संबंधी समस्याओं से जूझ रहे व्यक्तियों के सामने आने वाली चुनौतियों के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी मिली। हृदय संबंधी बीमारियाँ दुनिया भर में लाखों लोगों को प्रभावित कर रही हैं। जो मरीज़ हृदय संबंधी किसी घटना (जैसे कि दिल का दौरा) से गुज़रे हैं, वे अक्सर खुद को लक्षणों, दवाओं और जीवनशैली समायोजन के जटिल चक्रव्यूह से गुजरते हुए पाते हैं। इस यात्रा में रोगी शिक्षा की महत्वपूर्ण भूमिका को समझते हुए, शोधकर्ताओं की हमारी अंतरराष्ट्रीय टीम ने विश्व स्तर पर हृदय रोगियों की विशिष्ट सूचना आवश्यकताओं की पहचान करने की कोशिश की। हमारे अध्ययन में हृदय रोगियों की शीर्ष सूचना आवश्यकताओं का आकलन करने के लिए एक मान्य पैमाने, कार्डियक रिहैबिलिटेशन (आईएनसीआर-एस) में सूचना आवश्यकताओं का उपयोग किया गया। विश्व स्वास्थ्य संगठन के सभी छह क्षेत्रों में फैले विभिन्न देशों में प्रशासित और विभिन्न आय वर्गों को शामिल करते हुए, पैमाने ने मरीजों की सूचना आवश्यकताओं का एक व्यापक दृष्टिकोण प्रदान किया।



## ट्रेंड

### सुनक का धन्यवाद



ऋषि सुनक यूके के आपके सराहनीय नेतृत्व और आपके कार्यकाल के दौरान भारत और यूके के बीच संबंधों को गहरा करने में आपके सक्रिय योगदान के लिए धन्यवाद। आपको और आपके परिवार को भविष्य के लिए शुभकामनाएं।

नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री

### धन को केंद्रित कर रहा एआई



आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस विनियमन से आगे निकल रहा है, शक्ति असंतुलन को बढ़ा रहा है, धन को और अधिक केंद्रित कर रहा है और मानवाधिकारों को कमजोर कर रहा है।

-एंटोनियो गुतरेस, यूएन महासचिव

### घोषणा करते हुए खुशी



यह घोषणा करते हुए खुशी हो रही है कि पुरी की तरह, हम पश्चिम बंगाल में भी दीघा में भगवान जगन्नाथ के लिए एक गौरव-प्रेरक मंदिर परिसर का निर्माण कर रहे हैं। यहां भगवान, बलभद्र और सुभद्रा की पूजा भी होगी, रथयात्रा भी मनाई जाएगी।

-ममता बनर्जी, सीएम बंगाल

### सेल फोन यूजर्स पर भार



बिहार में डबल इंजन का अद्भुत खेल है, एक इंजन भ्रष्टाचार में लगा हुआ है और एक इंजन अपराध में लगा हुआ है। 15 दिन में 12 पुलों का गिरना कोई सामान्य घटना नहीं है। यह भ्रष्टाचार की पराकाष्ठा है।

-तेजस्वी यादव, राजद नेता

**अपने विचार**

**हरिभूमि कार्यालय**

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-42422221 पर या सीधे मेल से aapkepatra.haribhoomi@gmail.com पर भेज सकते हैं।

# मदरसा जामिया तैयबा में बहुत ही शानदार तरीके से वीर शहीद अब्दुल हमीद जयंती मनाई गई



जयपुर (रॉयल पत्रिका)। मदरसा जामिया तैयबा के अंदर वीर शहीद अब्दुल हमीद की जयंती का प्रोग्राम रखा गया प्रोग्राम की शुरुआत क़ुरआने करीम की तिलावत से की गई मदरसा जामिया तैयबा के ही एक छात्र हाफिज मोहम्मद उस्मान ने कुरान ए करीम की तिलावत करी उसके बाद एक छात्रा आफरीन बानो ने शहीद अब्दुल हमीद की जिंदगी के ऊपर रोशनी डाली और कई बच्चों ने अपने अपने प्रोग्राम पेश किए प्रोग्राम में बच्चों को कारी मोहम्मद इसहाक डायरेक्टर मदरसा जामिया तैयबा ने तालीम के ऊपर मोटिवेट किया और तालीम हासिल करने के लिए जोर देने के लिए कहा और वीर शहीद अब्दुल हमीद की जिंदगी के बारे में बताया मदरसा जामिया तैयबा के तमाम स्टाफ को दिली मुबारकबाद पेश करीऔर मदरसा जामिया तैयबा के तमाम स्टाफ मौजूद रहे बच्चों को बताया गया हमे अपने इतिहास और महापुरुषों को नहीं भूलना चाहिए हमे उनकी जिंदगी से सीख लेने की ज़रूरत है,वहीं बच्चों को शिक्षा हासिल करने व सामाजिक कामों में आगे बढ़ने और नशे कुसंगती से दूर रहने की अपील की गई

# पेपरलीक गिरोह में गार्गी पुरस्कार विजेता महिला भी शामिल

## काली कमाई से 4 मंजिला मकान बनाया, फार्म हाउस पर अभ्यर्थियों को रटाए सवाल-जवाब

एसओजी की गिरफ्त में आए पेपरलीक गिरोह से कई चौंकाने वाले खुलासे हुए हैं। गिरोह ने एसआई भर्ती के अलावा कई अन्य भर्ती के भी पेपर लीक कराए। असली अभ्यर्थियों की जगह पर डमी कैंडिडेट बैठा कर पेपर दिलाए गए थे।

एक दिन पहले पकड़ी गई गिरोह की छम्मी बिश्नोई गार्गी पुरस्कार भी प्राप्त कर चुकी है। छम्मी पढ़ने में काफी होशियार थी। इसलिए नकल गिरोह गैंग ने उसे लालच देकर डमी कैंडिडेट बनाने के लिए गैंग में शामिल कर लिया।



ओमप्रकाश ढाका पेपरलीक गिरोह के मास्टरमाइंड जगदीश बिश्नोई का ही गुर्गा है। जगदीश के साथ मिलकर पेपरलीक करवाता है।

जांच में पता लगा कि केवल एसआई ही नहीं बल्कि राजस्थान में कई पेपरलीक कराने में इस गिरोह का हाथ रहा है।

नकल गिरोह ने हाल ही में डीईओ की शिकायत करके एपीओ करा दिया था। इसका कारण डीईओ का एसओजी की मदद करना था। सच पता लगने पर तीन दिन के बाद सरकार ने उन्हें वापस बहाल कर दिया।

### गार्गी पुरस्कार ले चुकी, 3 साल में लग्जरी मकान बनाया

एसओजी को जांच में पता लगा है कि छम्मी बिश्नोई पढ़ने में शुरू से ही काफी तेज थी। जिले में पहला गार्गी पुरस्कार भी उसे मिला था। शिक्षक भर्ती में वह टीचर बन गई थी। इसके बाद रुपयों के लालच में आकर वह नकल गिरोह गैंग के संपर्क में आ गई। छम्मी डमी कैंडिडेट के रूप में एग्जाम में बैठती थी।

शुरुआत में छम्मी 5 लाख से लेकर 7 लाख रुपए तक लेती थी। बाद में नकल गिरोह से डिमांड बढ़ने लगी तो वह 10 लाख से भी ज्यादा लेने लग गई थी। पिछली कुछ भर्तियों में उसने 20 लाख रुपए तक लिए थे।

### चार मंजिला मकान भी बनाया

2021 में छम्मी बिश्नोई डमी कैंडिडेट के रूप में एग्जाम देने के लिए गई थी। उस दौरान उसके खिलाफ बालोतरा में मुकदमा दर्ज हो गया था। तब से वह फरार चल रही थी।

नकल के रुपए से डूंगरी गांव में प्लॉट लेकर चार मंजिला लग्जरी मकान भी बनाया था। छम्मी का पति गणपत स्कार्पियो चलाता है। कोई नौकरी भी नहीं करता है।

चार मंजिला मकान किराए पर दे रखा है, जिसमें ज्यादातर सरकारी टीचर ही रहते हैं। इनसे किराए का पूरा लेनदेन खुद गणपत ही करता है।

### वृंदावन से किया गिरफ्तार

फरार होने के बाद छम्मी बिश्नोई वृंदावन में रहने लगी थी। 6 हजार रुपए में उसने किराए का कमरा ले रखा था। पुलिस की टीम जब वहां पर पहुंची थी तो आरती करती हुई मिली थी। वहीं से पहचान करने के बाद उसे पकड़ा गया था।

छम्मी के मोबाइल की कॉल डिटेल और वॉट्सऐप चैटिंग से एसओजी को कई खुलासे होने की उम्मीद है।

जालोर, सिरोही, भीलवाड़ा के साथ-साथ उदयपुर में बड़ा नेटवर्क एडीजी एसओजी वीके सिंह ने बताया कि नकल गिरोह ने टीएसपी एरिया को भी अपना गढ़ बनाया है। बांसवाड़ा से बहुत बड़े स्तर पर पेपरलीक करवा कर लोगों को नौकरी पर लगवाया गया है।

टीएसपी एरिया से नौकरी पर लगे लोगों के डॉक्युमेंट और रिकॉर्ड चेक कराए जा रहे हैं। ओमप्रकाश ढाका का जालोर, सिरोही, बांसवाड़ा, भीलवाड़ा के साथ-साथ उदयपुर में भी बड़ा नेटवर्क बना हुआ था। बांसवाड़ा में हाल ही में कार्रवाई भी की गई है।

### ओमप्रकाश ने पहले टीचर की नौकरी की थी

ओमप्रकाश ढाका होलसेलर के तौर पर काम करता है। पेपरलीक मास्टरमाइंड जगदीश बिश्नोई के साथ मिलकर पेपरलीक कराता था और नकल कराता था। ओमप्रकाश की पहले उदयपुर में टीचर की नौकरी लगी थी। पेपरलीक में उसका नाम आया तो उसे गिरफ्तार किया गया था। काफी समय से सस्पेंड चल रहा था। बड़े लेवल पर पेपरलीक करवाकर सेंटर पर कैंडिडेट को दिलाता था। टीम ने बताया कि ओमप्रकाश ढाका ने कितने लोगों को नौकरी लगवा दी है, उसे खुद को नहीं पता है।

### होलसेलर की तरह से एक साथ कई युवाओं से नौकरी की डील

ओमप्रकाश ढाका हर भर्ती में होलसेलर के रूप में एक साथ सौ से ज्यादा युवकों से डील करता था। किसी भी होने वाली भर्ती के लिए गारंटी के साथ डील करता था। रीट में ओमप्रकाश आरोपी है। तब से फरार चल रहा था। हर भर्ती के पेपर के लिए अलग-अलग दाम सेट कर रखे थे। 5 लाख से लेकर 15 लाख रुपए तक लिए जाते थे। इतना ही नहीं हर इलाके के लोगों के लिए अलग से रुपए लिए जाते थे। जांच में पता लगा है कि एसआई भर्ती के अलावा रीट भर्ती, पीटीआई भर्ती, लाइब्रेरी भर्ती, एलडीसी, वनपाल और वनरक्षक भर्ती के भी पेपर बड़े स्तर पर लीक करा चुका है।

### जगदीश बिश्नोई के फार्म हाउस पर रहते थे

ओमप्रकाश ढाका और सुनील के गुरु जगदीश बिश्नोई फार्म हाउस पर ही रहते थे। ये फार्म हाउस जगदीश बिश्नोई का था। इसी फार्म हाउस पर सुनील भी रहता था।

सुनील भी जगदीश बिश्नोई के साथ पेपरलीक कराने में शामिल था। कैंडिडेट्स को फार्म हाउस पर लेकर आते थे। यहां उन्हें पेपर में आने वाले सवालों के जवाब रटाए जाते थे। फिर उन्हें परीक्षा देने के लिए भेज दिया जाता था।

### 5 साल में नौकरी पाने वालों का दोबारा से होगा वेरिफिकेशन हो

एडीजी वीके सिंह ने बताया कि पकड़े गए नकल गिरोह से कई इनपुट मिले हैं। नकल गिरोह की मदद से कई लोग नौकरी पाए हैं। इन सभी का रिकॉर्ड चेक कराया जा रहा है। इनकी डिटेल मिलने के बाद कार्मिक विभाग और सरकार को डिटेल के साथ लेटर लिखा है। कार्मिक विभाग ने सभी विभागों को भी लेटर लिखे हैं, जिनमें बताया गया है कि पिछले 5 साल में जो भी नौकरी पर लगे हैं, उनका दोबारा से रिकॉर्ड चेक करवा कर वेरिफिकेशन किया जाएगा।

पेपर देते समय फोटो और फॉर्म भरते समय फोटो में अगर मिलान नहीं हुआ या फिर हस्ताक्षर अलग हुए तो उनकी जांच की जाएगी। ऐसे सभी नौकरी पर लगे हुए लोगों से जांच करते हुए पूछताछ की जाएगी।

### पेपरलीक की 2670 शिकायतें मिली

एडीजी एसओजी वीके सिंह ने बताया कि एसओजी ने एक हेल्पलाइन नंबर जारी किया था। पिछले 3 महीने में उन्हें 2670 शिकायतें उन्हें मिली हैं। इनमें से 900 शिकायतों को वे वेरिफाई कर चुके हैं। उन्होंने बताया कि लोग एसओजी को फोन कर शिकायत बता रहे कि पड़ोस में युवक गलत तरीके से पेपरलीक करके नौकरी पर लग गया है। लोगों ने शिकायत में पूरी डिटेल के साथ ऐसे लोगों का रिकॉर्ड भेजा है। उनकी डिटेल भी शेयर की जा रही है। पश्चिमी राजस्थान से उनके पास बड़ी संख्या में शिकायतें मिल रही हैं। ऐसी शिकायतों को वेरिफाई करके रिकॉर्ड में जांच पर लिया जा रहा है। ऐसे लोगों का भी विभागों से रिकॉर्ड शेयर कर चेक कराया जा रहा है।

# जयपुर-अजमेर हाइवे पर लगा 15 किलोमीटर तक लम्बा जाम

## बारिश और कंस्ट्रक्शन ने बढ़ाई लोगों की मुश्किलें, 3 घंटे का सफर 4 घंटे में हुआ पूरा

जयपुर (रॉयल पत्रिका)। राजधानी जयपुर से अजमेर जाने वाले 6 लेन के हाइवे पर इन दिनों वाहन चालक 2 से ढाई घंटे जाम में फंस रहे है। जयपुर से अजमेर के बीच सफर करने वाले वाहन चालक इस रोड पर 140 रुपए से ज्यादा का टोल दे रहे है, लेकिन बावजूद इसके इस हाइवे पर ट्रेवल करने में जो सामान्य समय ढाई से 3 घंटे लगता है, वह सफर अब 4 घंटे में पूरा हो रहा है। इस हाइवे पर वर्तमान में पड़ासोली, भांकरोटा, और कमला नेहरू चौराहो पर फ्लाइआवेर का काम पेंडिंग है, जबकि महला, बांदर सिंदरी में फ्लाइओवर का काम तो पूरा हो गया, लेकिन उन पर ट्रेफिक अभी एक लेन में शुरू किया गया है।

दरअसल पड़ासोली चौराहे पर बन रहा फ्लाइओवर के कारण यहां 10 से 15 किलोमीटर तक लम्बा जाम लग रहा है। इस कारण यहां से आने-जाने वाले वाहनों को इस चौराहे को क्रॉस करने में डेढ़ से दो घंटे का समय लग रहा है। इस चौराहे के पास हाइवे पर बनी सर्विस लेन भी पूरी तरह टूट रही है और यहां मलबा पड़ा है। इस कारण यहां छोटे वाहन चालको को भी मैन हाइवे पर होकर गुजरना पड़ रहा है।

बड़ी संख्या में ट्रक, बसों की संख्या को देखते हुए पुलिस प्रशासन यहां से गुजरने वाले छोटे वाहन चालकों को आसपास बनी सड़कों से कनेक्ट गांवों से डायवर्ट करके निकाला जा रहा है, लेकिन उसके बावजूद कोई खास राहत नहीं मिल रही।

### जयपुर से निकलने में भी लग रहा है समय

इधर जयपुर से अजमेर के लिए जब वाहन निकल रहे है तो इन्हें यहां भी बहुत समय लग रहा है। भांकरोटा चौराहा, कमला नेहरू नगर चौराहा पर जाम की समस्या हर समय रहती है। यहां भी फ्लाइओवर बनाए जाने थे जो अब तक नहीं बने। बारिश में कमला नेहरू नगर पुलिया पर सड़क किनारे आधा से पौन फीट तक पानी भर जाता है, जिसके कारण दुपहिया वाहन चालक, छोटी कार, टैक्सी, मैजिक आदि फंस जाते है, जिसके कारण भी बहुत जाम लग रहा है।



### 140 रुपए लगता है किशनगढ़ तक टोल

इस रोड पर जयपुर से किशनगढ़ तक जाने के लिए एक कार चालक को 140 रुपए का टोल टैक्स देना पड़ता है। ये टोल टैक्स बगरू पर 85 रुपए वसूला जाता है, जबकि किशनगढ़ टोल पार करने पर 55 रुपए और लिया जाता है। इसके अलावा किशनगढ़ से अजमेर जाने के दौरान अलग से एक और टोल बूथ पार करना पड़ता है, जिस पर भी वाहन चालक को टोल टैक्स देना पड़ता है। जबकि जयपुर से किशनगढ़ के बीच जो 6 लेन हाइवे बना है, उसका कंसेशन पीरियड लगभग पूरा हो चुका है, लेकिन एनएचएआई दिल्ली हाइवे की तर्ज पर यहां फ्लाइओवर और मेंटेनेंस के नाम पर पूरा टोल वसूल रही है।

# पहली बारिश में ही उखड़ गई सर्विस लेन

## अजमेर-जयपुर के बीच 25 किमी लंबा जाम, 72 घंटे से रेंग रहे वाहन

जयपुर-अजमेर राष्ट्रीय राजमार्ग इन दिनों राष्ट्रीय जाम मार्ग बना हुआ है। इसका कारण जयपुर-अजमेर के बीच निर्माणाधीन फ्लाईओवर हैं, जिनका काम जून माह तक पूरा हो जाना था, लेकिन एक बार फिर इनकी डेडलाइन अगस्त 2024 तक बढ़ा दी गई है। इसके चलते जुलाई माह में मानसून शुरू होते ही पुलिया के वैकल्पिक रास्तों पर गहरे-गहरे गड्ढों की सौगात मिली और नहीं होने से पूरे दिन जाम के हालात बने रहते हैं। वहीं, अजमेर से आगरा, जयपुर, दौसा और भरतपुर के लिए जाने वाले मार्बल, ग्रेनाइट, नमक, सीमेंट के भारी वाहन हाईवे से ही गुजर रहे हैं।

### जून थी डेडलाइन, अगस्त तक बढ़ाई

20 करोड़ की लागत से बन रहा पड़ासोली फ्लाईओवर जून माह तक पूरा होना था, लेकिन एनएचएआई ने एक बार फिर डेडलाइन बढ़ाकर अगस्त कर दी है। ऐसे में पूरी बारिश लोगों को जाम झेलना ही पड़ेगा।

### सर्विस रोड सीमेंटेड होती तो नहीं टूटती

ठेका कंपनी फ्लाईओवर का काम शुरू करने से पहले सीमेंटेड सर्विसलेन बनाती तो नहीं टूटती। बारिश होते ही गहरे गड्ढे हो गए। ग्राम पंचायत सरपंच रायचंद चौधरी ने बताया कि एनएचआई को टूटी सड़क से कई बार अवगत करवाया, लेकिन सुनवाई नहीं हुई।

### दुकानदार मलबा नहीं उठाने दे रहे, प्रशासन से मदद मांगी

दुकानदारों ने दुकानों के आगे मलबा डाल लिया है। इसे हटाने नहीं दे रहे हैं। पूरा पानी सर्विस लेन पर आ रहा है। इससे सड़क क्षतिग्रस्त हो रही है। मलबा हटाने के लिए प्रशासन से मदद मांगी है। सर्विस लेन बनाने के लिए ठेकेदार को बोला है।

-अजय आर्य, प्रोजेक्ट डायरेक्टर, एनएचएआई

स्लीप लेन में बारिश से गड्ढे हो गए हैं। छोटे वाहनों को आसपास के रास्तों से डायवर्ट कर रहे हैं। भारी वाहन डायवर्ट नहीं कर सकते। अजमेर हाईवे पर मौखमपुरा से पड़ासोली तक 2 डीवाईएसपी, 5 इंस्पेक्टर, 30 एनएचएआई के लोग लगा रखे हैं।

-शांतनु कुमार, एसपी, जयपुर ग्रामीण

### भास्कर टीम को जयपुर से पड़ासोली (80 किमी) पहुंचने में लगे 4.30 घंटे



अजमेर रोड पर जाम की सूचना पर दोपहर 3 बजे निकली भास्कर टीम 200 फीट हाईवे पर पहुंचते ही जाम में उलझ गई। रेंगते-रेंगते 1 किलोमीटर चलने के बाद कमला नेहरू नगर पुलिया पहुंचे, जहां एक तरफ काम चल रहा है। इसके बाद भांकरोटा पुलिया का काम चलता मिला। आगे रिंग रोड चौराहे पर पानी भरने से वाहन फंसते रहे।

टोल टैक्स से पहले बड़ के बालाजी तक करीब 5 किलोमीटर का सफर करने में ढाई घंटे लग गए। दूदू से आगे मौखमपुरा प्लाईओवर का काम चल रहा है। यहां की सर्विस लेन में भी एक घंटे जाम में फंसे रहे। इसके बाद पड़ासोली पहुंचे, जब तक 7:30 बज गए।

यहां निर्माणाधीन फ्लाईओवर के कारण किशनगढ़ से पड़ासोली तक 25 किमी लंबा जाम मिला। यहां से तीन किलोमीटर की दूरी तेतरवालों की ढाणी से हल्के व छोटे वाहनों को पुलिस डायवर्ट कर रही है। करीब 11 किलोमीटर का चक्कर लगाकर हरसोली रामनगर होते हुए एक घंटे बाद मेन हाईवे जामनगर पर पहुंचे।

### किशनगढ़ से जयपुर तक टुकड़ों में वाहन फंस रहे हैं।

सबसे लंबा 25 किमी का जाम पड़ासोली में निर्माणाधीन फ्लाईओवर के कारण किशनगढ़ से पड़ासोली के बीच है। यहां पिछले तीन दिन से जयपुर की ओर आने वाले वाहन रेंग-रेंग कर चल रहे हैं। वहीं, जयपुर से जाने वाले वाहन कमला नेहरू, भांकरोटा और मौखमपुरा में फंस रहे हैं। 200 फीट चौराहा से मौखमपुरा तक पहुंचने में ढाई घंटे लग रहे हैं। जयपुर से अजमेर तक 136 किमी की दूरी तय करने में ढाई घंटे की जगह साढ़े चार घंटे और अजमेर से जयपुर आने में पांच घंटे तक लग रहे हैं।

### पुलिस ने हल्के वाहनों का ट्रैफिक गांवों में डायवर्ट किया, वहां भी जाम

पड़ासोली में जाम खत्म करने का एकमात्र समाधान टूटी सर्विस लेन को सुधारना और दुकानों के बाहर पड़े मलबे को हटाना है, लेकिन पुलिस हलके वाहनों को गांवों के रास्ते डायवर्ट कर व्यवस्था सुधारने का असफल प्रयास कर रही है। वहीं, सिक्सलेन का ट्रैफिक गांवों से गुजरने से वहां भी हालात बिगड़ गए हैं। स्थानीय पुलिस की व्यवस्था

# अंबानी परिवार की ब्राइडल थीम पर बनी ज्वेलरी का प्रदर्शन

## राधा-गोविंद और मोर की फोटो लगा सोने का हार, दिल की शेप में दिखा पन्ना

जयपुर में JAS-2024 शुक्रवार से शुरू हो गया है। सात जुलाई तक चलने वाले इस शो में देश के फेमस ज्वेलर और रत्न व्यवसायी पहुंचे हैं। शो में 275 बूथ पर रंगीन रत्न और खूबसूरत गहनों को रखा है। इसमें 161 बूथ जेमस्टोन और 114 बूथ ज्वेलरी के शामिल हैं। यहां इस बार सबसे खास रहा हार्ट शेप का पन्ना (एमरेल्ड) देखने को मिला है। दावा है कि ये इंडिया के किसी भी ज्वेलरी एसोसिएशन शो (JAS) में देखने को नहीं मिलेगा। साथ ही यहां अंबानी परिवार की शादी में पहनी जा रही ज्वेलरी की थीम पर फी हार शोकेस किए गए हैं। इन्हें पन्ने और पोलकी से बनाए गए हैं। जो दुल्हन की थीम पर डिजाइन किए गए हैं। वहीं, दूसरी तरफ हार को राधा-गोविंद और मोर के डिजाइन से सजाया गया है।

**अलग-अलग देश से मंगाकर जयपुर में तैयार होता है पन्ना**

यहां जाम्बियन पन्ने को भी सेल के लिए शो केस किया गया है। जो हार्ट शेप सहित पीयर, ओक्टागन, कुशन, ओवल, मार्किट, राउंड और राउंड शेप में उपलब्ध है। ये पन्ना ब्राजील, जामिया, रशिया, इथोपिया, कोलंबिया सहित अन्य देशों से मंगवाकर जयपुर में तैयार किए जाते है।

दरअसल, सीतापुरा के नोवाटेल एग्जीबिशन सेंटर में हो रहे शो में दिल्ली, मुंबई, हैदराबाद, कोलकाता, मेरठ जैसे शहरों से भी 14 से ज्यादा एग्जीबिटर्स भाग ले रहे हैं। जो बीटूबी फॉर्मेट (बिजनेस टू बिजनेस) पर पांचवां शो है।

**200 साल पुराना पन्ना**

वजन- 180 कैरेट

शो में 200 साल पुराने पन्ने ने भी सभी का ध्यान खींचा। पन्ना लेकर आए नितिन राम भजो ने बताया- उन्होंने एक हार डिजाइन किया है। इसमें 200 साल पुराना पन्ना जड़ा हुआ है। उनके दादाजी ने ये पन्ना खरीदा था। इसे हमने नेकलेस में जड़ा है। इसे एक्सक्लूसिव और काफी महंगा पीस है। यह पन्ना 180 कैरेट का है।

**दिल की शेप का पन्ना**

वजन- 642 कैरेट

शो में दिल की शेप का पन्ना लेकर आए अशोक माहेश्वरी ने बताया- हार्ट शेप का पन्ना 642 कैरेट का है। सिंगल ले आउट है। ये इंडिया के किसी भी JAS शो में देखने को नहीं मिलेगा। इसे जयपुर में ही कारीगरों से तैयार करवाया है, जिसमें करीब 10 से 15 दिन लगे हैं। कटिंग से लेकर गांठ और प्री-पॉलिशिंग तक का काम किया जाता है।

**सोने का रानी हार**

कीमत- सवा करोड़ तक

JAS में पन्ने और सोने से बना रानी हार आकर्षण का केंद्र बना है। इसकी खूबसूरती देखते ही बनती है। इस तरह के हार चेहरे की खूबसूरती के लिए खास माने जाते हैं। आज कल इस तरह की ज्वेलरी की डिमांड सबसे ज्यादा है। इस तरह के अलग-अलग हार डिजाइन किए हए हैं। इनकी कीमत 5 लाख से लेकर सवा करोड़ तक है।

**हार पर राधा-गोविंद और मोर बना**

वजन- 500 कैरेट

कीमत- 10 लाख रुपए

यहां दुल्हन के लिए खास राधा-गोविंद और मोर से बना हार का सेट शो केस किया गया। इसे जयपुर में ही तैयार किया गया था। जो 22 कैरेट गोल्ड में बनाया गया है। शो में हार लेकर आए शलभ दुसाद ने बताया- इसमें माणक और पन्ने का उपयोग किया गया है। इसकी कीमत करीब 10 लाख रुपए है। इस हार में राधा-गोविंद देवजी को दर्शाया गया है। इसके नीचे मोर भी बनाया हुआ, जिसके ऊपर पुरा वर्क हुआ है।

**रूबी लाइट स्टोन से बना राम दरबार**

कीमत- 11 लाख

शो में 500 कैरेट के रूबी (माणिक) लाइट स्टोन से बना राम दरबार भी है। राम दरबार शोकेस करने वाले सुनील अग्रवाल ने बताया- इसके एक पीस को बनने में कम से कम डेढ़ महीना लगता है। इसकी कीमत करीब 11 लाख रुपए है। राम दरबार के साथ रूबी लाइट स्टोन की क्लंगी शामिल है। जो खास लग रही है।

**साउथ की गोल्ड ज्वेलरी में नक्काशी देखने लायक**

वजन- 200 ग्राम से सवा किलो तक

JAS में साउथ की गोल्ड ज्वेलरी भी शामिल थी। इनमें कमरबंद, हार सेट सहित कई ज्वेलरी शामिल की गई। जो 22 कैरेट गोल्ड से बनी है। इस ज्वेलरी की खास बात है कि यह टेम्पल ज्वेलरी का आइटम है। इनमें पन्ने और बिट्स शामिल हैं। इसमें खास तरीके से नक्काशी की गई है। साउथ में बनने वाले इन गहनों का प्रचलन नोर्थ में भी बढ़ा है। ये आभुषण 200 ग्राम से शुरू होकर सवा किलो तक के है।

# पीरकामड़िया में ग्राम पंचायत स्तरीय जनसुनवाई, जिला कलेक्टर ने संवेदनापूर्वक सुनें आमजन के परिवाद

**-विद्यालयों में दोपहर के खाने में चखी खीर, घग्घर का किया निरीक्षण**



हनुमानगढ़ । मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा आमजन की समस्याओं के निस्तारण के लिए संवेदनशील है। उनके निर्देशों पर राज्य में त्रिस्तरीय जनसुनवाई का आयोजन किया जा रहा है। इसी सिलसिले में जुलाई के प्रथम गुरुवार को ग्राम पंचायत स्तरीय जनसुनवाई में जिला कलेक्टर काना राम ने टिब्बी ब्लॉक के पीरकामड़िया ग्राम पंचायत में जनसुनवाई की तथा पंचायत परिसर में पौधारोपण भी किया। जनसुनवाई से पहले जिला कलेक्टर ने राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय गाहडू और राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय चक बूडसिंहवाला का निरीक्षण किया। विद्यालयों में पौधारोपण महाअभियान के लिए गड्डो की खुदाई, पौधों की व्यवस्था इत्यादि का निरीक्षण किया। विद्यालयों में मिड डे मिल के तहत दोपहर के खाने में बनी खीर को स्वयं चखकर जांचा। जनसुनवाई के बाद पीरकामड़िया तथा पन्नीवाली में के नजदीकी घग्घर तटों का निरीक्षण किया। जनसुनवाई में आमजन ने आवास योजना का लाभ दिलाने, दिव्यांगता प्रमाण पत्र जारी करवाने, अतिक्रमण तथा कब्जे को लेकर, पेंशन जारी करवाने तथा पेयजल व विद्त सप्लाई को लेकर परिवाद सौंपे। जिला कलेक्टर ने प्रत्येक परिवादी को अपने सामने कुर्सी पर बैठाकर ना केवल एक-एक परिवादी को ध्यानपूर्वक सुना बल्कि संबंधित अधिकारियों को संवेदनापूर्वक निस्तारण करने के निर्देश भी दिए। जनसुनवाई में 23 से अधिक परिवेदनाए मिली।

प्रत्येक सोमवार को जिला चिकित्सालय में दिव्यांगता प्रमाण पत्र के लिए शिविर

दिव्यांगता प्रमाण पत्र से संबंधित आए परिवाद में जिला कलेक्टर काना राम ने कहा कि सोमवार को जिला चिकित्सालय में शिविर आयोजित होता है।

चिकित्सा अधिकारियों को दिव्यांगजनों को शिविर में लाने के लिए समन्वय स्थापित करने के निर्देश दिए। बंद पेंशन के प्रकरणों में जिला कलेक्टर ने ग्राम विकास अधिकारी को तुरंत आवेदन करवाते हुए पेंशन जारी करवाने की कार्यवाही के निर्देश दिए। साबुआना में आबादी भूमि से संबंधित प्रकरण में आबादी विस्तार के लिए संबंधित अधिकारियों को प्रस्ताव भेजने के निर्देश दिए।

**गांव और पंचायत में हो परिवादों का निस्तारण**

जिला कलेक्टर ने कहा कि प्रशासन का पूरा प्रयास है कि आमजन की समस्याओं का निस्तारण उसके घर, गांव तथा पंचायत में ही हो पाए। इसीलिए राज्य सरकार ने त्रिस्तरीय जनसुनवाई के तहत माह के प्रथम गुरुवार को ग्राम पंचायत, द्वितीय गुरुवार को ब्लॉक, तृतीय गुरुवार को जिला स्तर पर जनसुनवाई करने के निर्देश दिए है। इसके अतिरिक्त मेरे साथ एडीएम, एसडीएम द्वारा अलग-अलग ग्राम पंचायत में रात्रि चौपाल आयोजित की जा रही है।

रात्रि चौपाल में आमजन की समस्याओं को सुना जा रहा है तथा जो समस्या मौके पर निस्तारण योग्य है, उन्हें तुरंत निस्तारित किया जा रहा है, अन्य के लिए संबंधित अधिकारियों को प्रस्ताव भेजने के निर्देश दिए जा रहे है। रात्रि चौपाल के बाद सकारात्मक माहौल बन रहा है, जिसकी वजह से विभिन्न ग्राम पंचायत के सरपंच रात्रि चौपाल करने की मांग लेकर आ रहे है।

**आमजन योजनाओं का ले फायदा - कलेक्टर**

जिला कलेक्टर ने आमजन से अपील करते हुए कहा कि राज्य सरकार तथा केंद्र सरकार की विभिन्न योजनाओं का लाभ उठाए। उन्होंने हाल ही में पेंशन अभिवृद्धि तथा मुख्यमंत्री किसान सम्मान योजना के तहत 1000 रुपए की राशि के वितरण सहित अनेक योजनाओं के बारे में बताया। कहा कि रात्रि चौपाल में भी शुरुआती एक घंटे में विभिन्न विभागों द्वारा योजनाओं के बारे में बताया जा रहा है। आमजन इनका अधिक से अधिक लाभ ले, किसी भी प्रकार की शिकायत तथा अधिकारियों द्वारा बरती जा रही कोताही के लिए 181 पर शिकायत दर्ज करवाए।

**पेयजल भंडारण के लिए डिग्गियों के निर्माण के लिए जल्द भेजे जायेंगे प्रस्ताव**

जिला कलेक्टर काना राम ने कहा कि ग्राम पंचायत में पेयजल से संबंधित भूमि की कमी को दूर करने के लिए आसपास के सरपंचों से बात की जा रही है। इसके बाद पीएचईडी द्वारा पेयजल की डिग्रियों के प्रस्ताव भेजे जाएंगे, जिससे कि पेयजल की समस्या का निस्तारण किया जा सके। कलेक्टर ने कहा कि गत वर्ष घग्घर में अधिक पानी आने से बाढ़ की संभावना बनी थी, जिसमें आमजन, किसानों तथा जनप्रतिनिधियों ने भरपूर सहयोग किया था। इसी सिलसिले में इस वर्ष ऐसी संभावना ना बने, इसके लिए जनप्रतिनिधियों के साथ घग्घर का निरीक्षण किया जाएगा तथा पुख्ता इंतजामात किए जायेंगे। जनसुनवाई के दौरान एसडीएम राकेश मीना सहित सभी ब्लॉक स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# चौखा गंगाणा में शीघ्र खुलेगी सीबीएसई बोर्ड की मुस्लिम गर्ल्स स्कूल - मोहम्मद अतीक



जोधपुर । चौखा गंगाणा स्थित दारुल उलूम अल अरबिया अल इस्लामिया मदरसा परिसर में एक बैठक का आयोजन हुआ। बैठक में मदरसे के सचिव और मौलाना आज़ाद यूनिवर्सिटी जोधपुर के चेयरपर्सन मोहम्मद अतीक ने सभी मुस्लिम बिरादरियों के प्रतिनिधियों की मौजूदगी में घोषणा करते हुए कहा कि शीघ्र ही मदरसे के पीछे के विशाल मैदान में सीबीएसई बोर्ड की कक्षा छठी से बारहवीं तक की इंग्लिश मीडियम डे बोर्डिंग मुस्लिम स्कूल शुरू की जायेगी। उन्होंने बताया कि इस स्कूल में लड़कियों को भावी लीडर बनाने के मकसद से आधुनिक स्तर की सभी सुविधाओं के साथ भविष्य की तकनीक से जुड़ी गुणवत्ता शिक्षा प्रदान की जाएगी। मदरसे के कोषाध्यक्ष मुजफ्फर हुसैन ने बताया कि स्कूल में दोपहर के सेशन के बाद तरबियती प्रोग्राम (नैतिक संस्कार) की व्यवस्था रहेगी। जिसमें बालिकाएं इस्लाम आधारित मुख्य आधारभूत जानकारियां, नमाज़ और कुरआन की सही समझ के साथ हजरत मुहम्मद सल्लल्लाहोअलैहे वसल्लम के जीवन आधारित तालीम (शिक्षा) और पर्सनलटी डेवलपमेंट के गुण भी प्राप्त करेंगी।

बैठक में अल्हाज अब्दुल सलीम चौहान, अब्दुल सलीम इंजीनियर, अताउर्रहमान कुरैशी, डॉ. मुईनउल हक, इकबाल बैण्ड बॉक्स, अब्दुल्लाह खालिद कुरैशी, मोहम्मद नासिर, अब्दुल रशीद अंसारी, अब्दुल सलीम चौबदार, मोहम्मद आसिफ, अख्तर हुसैन, रईस अंसारी, एडवाकेट अहमद हुसैन, इशाक गौरी, कय्यूम लोदी, इकरामुद्दीन अब्बासी, मोहम्मद साबिर, सूलेमान मोदी, अब्दुल रहीम सांखला, रजब अली, आसिफ खान, मोहम्मद असलम मंसूरी, अनीस खिलजी, शकील खिलजी, मोहम्मद शफी, मोहम्मद सिराज, एडवोकेट मोहम्मद असलम, साजिद खान जोधाणा, अहमद सर, अब्दुल सत्तार सहित शहर की विभिन्न मुस्लिम बिरादरियों के कई सदर, सेक्रेट्री, शिक्षाविद्, जनप्रतिनिधि और आमजन मौजूद रहे।

कई प्रबुद्धजनों ने इस स्कूल के विकास एवं विस्तार के सम्बंध में अपने-अपने विचार भी साझा किये। अंत में स्कूल की कामयाबी एवं इसकी शीघ्र स्थापना के लिए मदरसे के अध्यक्ष मोहम्मद रमज़ान जमजम ने दुआ कराई। पूर्व में तिलावते कुरान मौलाना अब्दुल करीम नदवी ने की।

# आमजन की समस्याओं का हो त्वरित निवारण - संभागीय आयुक्त'

**-सोमेसर में जनसुनवाई में सुनी आमजन की परिवेदनाएं, पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश'**



पाली । संभागीय आयुक्त डॉ प्रतिभा सिंह ने गुरूवार को रानी उपखंड क्षेत्र के भादरलाऊ सोमेसर में ग्राम पंचायत स्तरीय जनसुनवाई में आमजन की समस्यां को सुन उनके त्वरित निवारण के निर्देश दिए। जनसुनवाई मे कुल 32 परिवेदनाए प्राप्त हुई।जनसुनवाई के दौरान बिजली, पानी व सड़क जैसी मूलभुत सुविधाओं के मुद्दे छाएं रहे। जिसका उन्होंने संबंधित अधिकारियों को बुलाकर उनका निराकरण करते हुए आमजन को राहत प्रदान करने के निर्देश दिए। जनसुनवाई मे संभागीय आयुक्त ने कहा कि राजकीय कार्यालय में आने वाले प्रत्येक व्यक्ति की समस्या को न केवल सुना जाए बल्कि निश्चित समय में उसका निदान भी किया जाए। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार की और से जारी विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाएं आमजन तक पहुंचकर उनके लिए किस प्रकार से फायदेंमद साबित हो सके इसके लिए हम सभी को पूर्ण रूप से प्रयास करना चाहिए।

**'इन मुद्दों पर सुनी परिवेदनाएं'**

जनसुनवाई के दौरान संभागीय आयुक्त डॉ प्रतिभा सिंह ने स्थानीय निवासियों की विभिन्न परिवेदनाएं सुनी। जवाली सरपंच जुगराज ने जवाई जल योजना को खौड़ के बजाए सालरिया से निकलवाने एवं खेल मैदान की चारदीवारी बनाने की परिवेदना दी। वहीं सोमेसर निवासी रतनाराम घांची ने मुआवजा राशि दिलवाने, बुसी निवासी अमरसिंह पट्टाशुदा प्लोट की भूमि पैमाइश एवं कच्ची बस्ती, बस्ती में बरसाती नाले से हो रही परेशानी से निजात दिलाने की मांग। भादरलाऊ निवासी गोपालसिंह ने उप स्वास्थ्य केन्द्र को प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में परिवर्तन करने एवं गोविंद सिंह ने विधायक कोष से भवन निर्माण स्वीकृति की बात रखी। उन्होंने कहा कि इलाके में सेवा केन्द्र का निमार्ण नहीं होने से काफी परिशानी हो रही है। इसी तरह ग्रामीणों ने सोमेसर में पंचायत भवन के सामने सीसी सड़क बनवाने की मांग की। वहीं तेजराज जैन ने डुठारियां में उच्च जलाशय बनवाने के लिए परिवेदना दी।

**'पौधरोपण कर सार संभाल की दिलाई जिम्मेदारी'**

जनसुनवाई से पूर्व संभागीय आयुक्त डॉ प्रतिभा सिंह, उपखण्ड अधिकारी सिद्धार्थ सांदू, विकास अधिकारी नारायणसिंह राजपुरोहित ने ग्रामीणों की मौजूदगी में मुख्यमंत्री पौधरोपण जन जागरण अभियान कार्य योजना के तहत पौधरोपण कर ग्रामीणों को उनके संरक्षण का संकल्प दिलाया। इस मौके पर संभागीय आयुक्त ने कहा कि वर्तमान समय में पेड़ों की अंधाधुन कटाई होने के कारण पर्यावरण संतुलन बिगड़ गया है जिसे अधिक से अधिक पौधरोपण कर संतुलित किया जा सकता है। उन्होंने आमजन को अपने घरों व व्यापारिक प्रतिष्ठानों के पास पौधरोपण कर उचित सार संभाल करने की बात कहीं।

# कलेक्टर ने पावा में सुनीं ग्रामीणों की समस्याएं, अस्पताल का किया निरीक्षण, दिए आवश्यक निर्देश



पाली। जिला कलेक्टर एल एन मंत्री गुरुवार को सुमेरपुर क्षेत्र के पावा गांव में जनसुनवाई कर ग्रामीणों की समस्याएं सुनीं। बाद में उन्होंने पावा अस्पताल का भी निरीक्षण किया। राज्य सरकार के निर्देशानुसार माह के प्रथम गुरुवार को ग्राम स्तरीय जनसुनवाई का आयोजन किया जाता है। जिसके तहत जुलाई माह के प्रथम गुरुवार को जिला कलेक्टर एलएन मंत्री ने सुमेरपुर के पावा गांव में ग्राम पंचायत मुख्यालय पर जनसुनवाई कार्यक्रम आयोजित किया गया। जनसुनवाई के दौरान 22 प्रकरण सामने आए, जिसमें ग्रामीण विकास, चिकित्सा, बिजली, पानी सहित विभिन्न विभागों के प्रकरण थे। जनसुनवाई के दौरान उन्होंने कई प्रकरणों का निस्तारण हाथों हाथ किया तथा शेष रहे प्रकरणों को विभागीय अधिकारियों को निर्धारित समयावधि में निस्तारण के निर्देश दिए। जनसुनवाई में ब्लाक स्तरीय अधिकारी भी उपस्थित रहे। जनसुनवाई के बाद जिला कलेक्टर मंत्री पावा गांव में स्थित राजकीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने अस्पताल में मरीजों को मिल रही सुविधाओं के बारे में जानकारी ली तथा स्टाफ को आवश्यक निर्देश दिए।

# श्रीमती चीमा बाई संचेती राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय में नि:शुल्क नेत्र जांच शिविर एवं पाठ्य पुस्तकों का वितरण किया गया




पाली ।श्रीमती चीमा बाई संचेती राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय पैकेज कोलोनी मे शुक्रवार को रोटरी क्लब के तत्वावधान में निःशुल्क नेत्र जांच शिविर एवं पाठ्य पुस्तकों का वितरण किया गया। प्रधानाचार्य राधेश्याम सोनी ने बताया कि विद्यालय में रोटरी क्लब के तत्वावधान में विद्यार्थियों के आंखों की निःशुल्क नेत्र जांच एवं जनप्रतिनिधियों तथा एसडीएमसी सदस्यों की उपस्थिति में निःशुल्क पाठ्य पुस्तकों का वितरण किया गया। विद्यालय स्टाफ द्वारा माला व उपरने द्वारा अतिथियों का सम्मान किया गया। रोटरी क्लब के सचिव वर्धमान भंडारी और डायरेक्टर धर्मेंद्र मोहनोत ने बताया कि जिन विद्यार्थियों की आंखें कमजोर है उन्हे डाक्टर द्वारा जांच करा निरूशुल्क चश्मा दिया जाएगा तथा साथ ही जिन्हे इलाज की आवश्यकता है उनका निःशुल्क इलाज करवाया जाएगा। इस अवसर पर रोटरी क्लब के डायरेक्टर नवीन चोपड़ा,मूलचंद संकलेचा कोषाध्यक्ष नीलकमल दायमा,भाजपा शहर मंत्री दीपक जैन एसडीएमसी सदस्य सूरज भील, विद्यालय स्टाफ के कानसिंह राजपुरोहित,पंकज शर्मा,हेमंत कुमार, संतोष चौधरी, कृष्णा शर्मा, अनुराधा,मनीषा बोराणा,सुनिति सोनी, यास्मिन,दिया रानी,मैना देवी,कमला बाई आदि उपस्थित थे।

# गीतांजली हॉस्पिटल में हुआ अफ्रीका नाईजीरियन रोगी के जन्मजात बाईं आंख के मोतियाबिंद का सफल ऑपरेशन व लेंस प्रत्यारोपण



उदयपुर। गीतांजली मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल में जन्मजात मोतियाबिंद की बीमारी से जूझ रहे 28 वर्षीय रोगी का गीतांजली मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल के नेत्र रोग विभाग ने अत्याधुनिक चिकित्सा तकनीक का उपयोग करते हुए सफल ऑपरेशन व लेंस प्रत्यारोपण कर स्वस्थ जीवन प्रदान किया। यहाँ चिकित्सा क्षेत्र में सभी उन्नत तकनीकों को अपनाकर कुशल टीम में विभागाध्यक्ष डॉ. लीपा मोहंती, डॉ अर्पित शर्मा एवं रेसिडेंट्स डॉ कौशंबी, डॉ गोविन्द, डॉ आकांशा व ओ.टी टीम, नर्स ने रोगी का सफलतापूर्वक इलाज किया|

**विस्तृत जानकारी:**

28 वर्षीय रोगी अब्दुल अजीज़ उदयपुर में फॉरेन नेशनल की तरह उदयपुर में पढ़ रहे हैं| उन्होंने बताया कि वह अफ्रीका नाईजीरिया से हैं| उनकी बाईं आँख में जन्म से ही कम दिखाई देने की शिकायत थी और उम्र से साथ साथ ये शिकायत बढ़ रही थी| डॉ लीपा ने बताया की हाल ही में इस तरह का केस उनके पास आया, उस समय पता चला की रोगी की बाईं आँख की स्थिति काफी खराब हो चुकी थी |

रोगी को जन्म से ही मोतियाबिंद था, रोगी की सभी खून व आँख की आवश्यक जांचें की गयी तत्पश्चात रोगी की बाईं आँख के मोतियाबिंद का ऑपरेशन और साथ ही लेंस प्रत्यारोपण किया गया| यह केस बहुत दुर्लभ व चुनौतीपूर्ण था| रोगी की सफल सर्जरी हुई तथा ऑपरेशन के अगले ही दिन रोगी की आँख की रोशनी वापिस आ गयी| रोगी ने बताया की वह अपने ऑपरेशन से बहुत खुश हैं, डॉक्टर्स और स्टाफ ने उनका बहुत ध्यान रखा, रोगी ने गीतांजली हॉस्पिटल को दिल से आभार व्यक्त किया और कहा कि वह अपनी आँख की रोशनी पाकर संतुष्ट है|

डॉ लीपा ने कहा कि वैसे तो मोतियाबिंद प्रायः बढ़ती उम्र के साथ ज्यादा पाया जाता है लेकिन कभी कभी बच्चों व किशोरावस्था में भी पाया जाता है| यदि किसी की आँखों की रोशनी कम हो रही है तो आवश्यक है कि आँखों की विस्तृत जांच अवश्य करवाएं| गीतांजली हॉस्पिटल के नेत्र रोग विभाग में सभी एडवांस तकनीके व संसाधन उपलब्ध हैं जिससे जटिल से जटिल समस्याओं का निवारण निरंतर रूप से किया जा रहा है।

गीतांजली हॉस्पिटल पिछले 17 वर्षों से सतत रूप से हर प्रकार की उत्कृष्ट एवं विश्व स्तरीय चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध करा रहा है एवं जरूरतमंदों को स्वास्थ्य सेवाएं देता आया है।

# जिला कलक्टर ने पंचायत समिति चौथ का बरवाड़ा की जौंला एवं आदलवाड़ा में की जनसुनवाई



सवाई माधोपुर । प्रदेश के माननीय मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की मंशानुरूप आमजन की समस्याओं का निराकरण उनकी नजदीकी ग्राम पंचायतों में करने के उद्देश्य से जिला कलक्टर डॉ. खुशहाल यादव ने गुरूवार को भारत निर्माण राजीव गांधी सेवा केन्द्र जौंला एवं आदलवाड़ा में जनसुनवाई कर ग्रामीणों की समस्याओं का समाधान किया। जिला कलक्टर ने विभागीय अधिकारियों से कहा कि वे उनके विभाग से संबंधित योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ पात्र ग्रामीणों को प्रदान कर उनके जीवन में खुशहाली लाने का कार्य करें। उन्होंने जिन किसानों को प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना का लाभ नहीं मिला है उनकी सूची बनाकर नियमानुसार उनके आवेदन करवाने के निर्देश तहसीलदार चौथ का बरवाडा को दिए है। उन्होंने रेवतपुरा ग्राम में महात्मा गांधी नरेगा योजना अन्तर्गत ग्रामीणों को कार्य देने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने ग्राम पंचायत के गांवों के रास्तों एवं चारागाह भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराने के निर्देश संबंधित तहसीलदार एवं ग्राम विकास अधिकारी को दिए है। वहीं उन्होंने ग्रामीण क्षेत्र की विद्त संबंधी समस्या के निराकरण हेतु लाईनमैन के फोन नंबर ग्राम पंचायत की दीवार पर अंकित कराने के साथ-साथ विद्त विभाग का जिला कन्ट्रोल रूम के मोबाईल नम्बर भी अंकित करने के निर्देश दिए है। उन्होंने चारागाह भूमि से दो दिन में अतिक्रमण में हटवाने के निर्देश संबंधित पटवारी को प्रदान किए। जिला कलक्टर ने जनसुनवाई के दौरान अनुपस्थित रहने वाले अधिकारियों को भी कारण बताओं नोटिस जारी करने के निर्देश दिए है। जिला कलक्टर ने इसी प्रकार आदलवाड़ा में आमजन की समस्याओं को सुना और उनके निराकरण के निर्देश संबंधित विभागीय अधिकारियों को प्रदान किए है। इस दौरान उन्होंने आदलवाड़ा खुर्द में महानरेगा, एफएफसी, एसएफसी योजना के अन्तर्गत 10 लाख रूपये की राशि से किए जा रहे उद्यान विकास कार्यो का निरीक्षण किया। उन्होंने ग्राम पंचायत आदलवाड़ा के पशु स्वास्थ्य केन्द्र का निरीक्षण कर उसके मरम्मत कार्य का प्रस्ताव बनाकर विकास अधिकारी को भिजवाने के निर्देश दिए। उन्होंने ग्राम सेवा सहकारी समिति आदलवाड़ा कलां का भी निरीक्षण कर आवश्यक निर्देश प्रदान किए। इस दौरान उन्होंने राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय आदलवाड़ा कलां में मानसून के दौरान लगाए जाने वाले पौधों का भी निरीक्षण किया। इसके साथ-साथ उन्होंने चारागाह भूमि में किए जा रहे पौधारोपण कार्यो का निरीक्षण किया। जनसुनवाई के दौरान बिजली, सड़क, नाम शुद्धिकरण, सीमाज्ञान, खाद्य सुरक्षा योजना का लाभ दिलवाने, अतिक्रमण हटवाने, ग्रेवल सड़क निर्माण करवाने संबंधि परिवाद प्राप्त हुए।

# हरियालो म्हारो बारां महाअभियान का हुआ आग़ाज़

## -रैली में हज़ारों बच्चों ने लिया 'एक पेड़ माँ के नाम' का संकल्प
## -कुपोषण मुक्त बारां बनाने में सहयोग की ली शपथ

बारां । जिला कलक्टर रोहिताश्व सिंह तोमर ने गुरूवार को शहर के श्रीराम स्टेडियम से सम्पूर्णता अभियान तथा हरियालो म्हारो बारां महाअभियान की सफलता के लिए आमजन को कार्यक्रम से जोड़ने के लिए विशाल जनचेतना रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। खेल संकुल में रैली के समापन पर जिला कलक्टर तथा अन्य अधिकारियों द्वारा वृक्षारोपण भी किया गया। कलक्टर तोमर ने हज़ारों की संख्या में उपस्थित बच्चों को 'एक पेड़ माँ के नाम' लगाने का संकल्प भी दिलाया। साथ ही सम्पूर्णता अभियान के तहत आशान्वित जिलों तथा ब्लॉक के लिए चिन्हित संकेतकों की शत प्रतिशत लक्ष्य प्राप्ति के लिए आमजन से पूर्ण सहयोग की अपील भी की।

**सामाजिक एवं आर्थिक संकेतकों में सुधार के लिए है सम्पूर्णता अभियान**

जिला कलक्टर तोमर ने कहा की नीति आयोग भारत सरकार से प्राप्त निर्देश के क्रम में "सम्पूर्णता अभियान" 4 जुलाई से 30 सितम्बर, 2024 तक आयोजित किया जाएगा। इसके अन्तर्गत आशान्वित जिला एवं ब्लॉक से संबंधित 6 चिन्हित इंडीकेटर्स में शत प्रतिशत लक्ष्य प्राप्त किया जाना है। सम्पूर्णता अभियान का शुभारम्भ कार्यक्रम 5 जुलाई को जिला परिषद सभागार में दोपहर 1230 बजे आयोजित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि नीति आयोग की ओर से सामाजिक एवं आर्थिक संकेतकों में सुधार के लिए चयनित देश भर के आशान्वित 112 जिलों एवं 500 ब्लाक में बारां जिला तथा किशनगंज ब्लॉक भी शामिल है। अभियान के तहत स्वास्थ्य पोषण, कृषि, शिक्षा एवं सामाजिक विकास से सम्बंधित संकेतक सम्मिलित हैं।

**18 लाख से अधिक पौधे लगाए जाएंगे**

कलक्टर तोमर ने कहा कि सशक्त बारां अभियान की पहली कड़ी के रूप में चलाये जा रहे हरियालो म्हारो बारां अभियान के माध्यम से बारां जिले में लगभग 18 लाख पौधे अधिकारी कर्मचारी, विद्यार्थियों व जनसहयोग से लगाए जाएंगे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तथा मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के निर्देशानुसार जिले में 'एक पेड़ माँ के नाम' अभियान भी चलाया जाएगा जिसके तहत आज हज़ारों की संख्या में बच्चों ने 'एक पेड़ माँ के नाम' लगाने का संकल्प भी लिया है। उन्होंने कहा कि अन्नपूर्णा नगरी - बारां को हरा-भरा बनाने के लिए आंगनबाडी केन्द्र, कार्यालयों, विद्यालयों, खेल मैदानों, सड़क के किनारों, बांध-तालाबों की पाल पर व चारागाहों, मन्दिर परिसर, खाली पड़ी भूमि व सार्वजनिक स्थलों पर एक साथ 28 जुलाई को सघन वृक्षारोपण कार्यक्रम चलाया जाना है। रैली में नगरपरिषद परिक्षेत्र के सभी विद्यालयों राजकीय व निजी विद्यालयों के हजारों विद्यार्थी, शिक्षक, आंगनवाड़ी कर्मचारी, आशा सहयोगिनी तथा अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी सम्मिलित रहे। प्रातः 8 बजे रैली श्रीराम स्टेडियम से प्रारम्भ होकर चारमूर्ति सर्किल होते हुए खेल संकुल में समापन हुआ।

इस अवसर मुख्य कार्यकारी अधिकारी जिला परिषद् रामावतार गुर्जर, उपखण्ड अधिकारी बारां पूजा मीणा, मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी डॉ. रणवीर सिंह, सीएमएचओ डॉ.सम्पतराज नागर सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी, कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में विद्यार्थी तथा आमजन

# जिला कलक्टर ने बलरिया में रात्रि चौपाल कर सुनी ग्रामीणों की समस्याएं

## -विभागीय अधिकारियों को मौके पर ही प्रकरणों के शीघ्र निस्तारण के दिए निर्देश



सवाई माधोपुर । प्रदेश के माननीय मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की मंशानुसार आमजन की समस्याओं का त्वरित व सुगम निस्तारण करने के उद्देश्य से जिला कलक्टर डॉ. खुशाल यादव ने गुरूवार को पंचायत समिति चौथ का बरवाड़ा की ग्राम पंचायत बलरिया के भारत निर्माण राजीव गांधी सेवा केन्द्र में रात्रि चौपाल का आयोजन कर ग्रामीणों की समस्याओं को सुन संबंधित विभागीय अधिकारियों को प्रकरणों के शीघ्र निस्तारण करने के निर्देश प्रदान किए है। जिला कलक्टर ने कहा कि सभी राजकीय कार्यालय, विद्यालयों, सड़क मार्गो, रास्ते सार्वजनिक सम्पत्ति है जिनका सम्पादन आमजन के हितार्थ राज्य सरकार द्वारा किया जा रहा है। उन्होंने सभी नागरिकों से सार्वजनिक सम्पत्ति पर किसी प्रकार का अतिक्रमण व अनावश्यक लेखन आदि अवांछनीय गतिविधियां नहीं करने की अपील करते हुए कहा कि जो भी व्यक्ति इस प्रकार की अवांछनीय व अनुचित गतिविधि में लिप्त पाया गया तो उसके खिलाफ सख्त कानूनी कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने तहसीलदार चौथ का बरवाड़ा को सभी राजकीय विद्यालयों, छात्रावासों और अन्य कार्यालयों में कार्य करने वाले कार्मिकों की उपस्थिति जांचने के साथ-साथ कार्यालयों में गुणवत्तापरक कार्य सम्पादित कराने के निर्देश दिए है। जिला कलक्टर ने तहसीलदार चौथ का बरवाड़ा नीरज सिंह, ग्राम विकास अधिकारी एवं जेटीए को बलरिया ग्राम पंचायत के सभी राजस्व ग्रामों की सड़कों व रास्तों का सर्वे कर मरम्मत एवं सड़को के पुर्ननिर्माण होने योग्य कार्यो के प्रस्ताव बनाकर जिला परिषद कार्यालय को प्रेषित करने के निर्देश दिए है। वहीं जोया पुत्री पीर मोहम्मद का दिव्यांग प्रमाण पत्र बनाने के निर्देश भी संबंधित विभागीय अधिकारियों को दिए है। जिला कलक्टर ने बताया कि पर्यावरण संरक्षण में पेड़ पौधों की भूमिका महत्वपूर्ण है। उन्होंने बताया कि मानसून के दौरान राजकीय विद्यालयों में अध्ययनरत प्रत्येक विद्यार्थियों को पांच-पांच पौधे वितरित किए जाएंगे। जिनका रोपण उनके अभिभावकों द्वारा खेत, मेड़ व घर तथा अन्यत्र उपयुक्त स्थान पर किया जाएगा। उन्होंने सभी अभिभावकों से पेड़ों का भी अपने बच्चों की तरह पालन पोषण करने की अपील की है। रात्रि चौपाल में ग्रामीणों द्वारा लक्ष्मीपुरा गांव से डाबरा तक के मार्ग पर मौरम गिट्टियां डलवाकर मार्ग सुचारू करने, बैरवा बस्ती से सेणाहाली तलाई तक ग्रेवल सड़क का निर्माण करवाने, प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ दिलवाने, विवाह प्रमाण पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र बनवाने संबंधी शिकायते की। इस पर जिला कलक्टर ने मौके पर ही संबंधित विभागीय अधिकारियों को ग्रामीणों की समस्याओं का शीघ्र निस्तारण कर राहत पहुंचाने के निर्देश दिए हैं। रात्रि चौपाल में एसडीएम चौथ का बरवाड़ा दामोदर सिंह, अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी लाखन सिंह, तहसीलदार चौथ का बरवाड़ा नीरज सिंह, उप निदेशक आईसीडीएस प्रियंका शर्मा, सीडीपीओ आईसीडीएस सुमन शर्मा, सरपंच सीमा मीना, पीईईओ बलरिया रामसिंह मीना, उद्यान विभाग चौथ का बरवाड़ा गिर्राज प्रसाद, सहायक कृषि अधिकारी विनोद कुमार जैन, रसद विभाग की ई.आई. पूजा मीना, पशुपालन से प्रीतम सिंह सैनी सहित अन्य अधिकारी, कार्मिक एवं ग्रामीण उपस्थित रहे।

# जिला कलक्टर ने चौथ का बरवाड़ा के 132 केवी ग्रिड सब स्टेशन का किया निरीक्षण



सवाई माधोपुर । जिला कलक्टर डॉ. खुशाल यादव ने गुरूवार को चौथ का बरवाड़ा के सहायक अभियंता 132 केवी ग्रिड सब स्टेशन का निरीक्षण कर ग्रामीणों को नियमित रूप से विद्त आपूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश सहायक अभियंता विद्त विभाग चौथ का बरवाड़ा को प्रदान किए। इस दौरान जिला कलक्टर ने परिसर स्थित 132 केवी पावर हाउस में टोंक व सवाई माधोपुर से हो रही इनकमिंग सप्लाई व आउट गोईंग के 6 फीडरों का भी निरीक्षण जिला कलक्टर ने किया। उन्होंने 132 केवी यार्ड, कन्ट्रोल रूम का भी निरीक्षण कर सुरक्षा के उपकरणों की भी जांच की। इस दौरान उन्होंने कन्ट्रोल रूम में आउट गोईंग व इनकमिंग फीडरों की वस्तु स्थिति की जानकारी प्राप्त की। उन्होंने मानसून के दौरान जीएसएस परिसर के उपयुक्त स्थानों पर अधिक से अधिक पौधारोपण करने के निर्देश भी सहायक अभियंता तेजाराम मीना को दिए है। देवनारायण राजकीय बालिका आवासीय विद्यालय चौथ का बरवाड़ा का निरीक्षण:- जिला कलक्टर ने गुरूवार को चौथ का बरवाड़ा के देवनारायण राजकीय बालिका आवासीय विद्यालय का निरीक्षण किया। इस दौरान आवासीय विद्यालय के प्राचार्य द्वारा जिला कलक्टर को आवासीय विद्यालयों के भवन निर्माण में रह गई कमियों एवं अन्य समस्याओं से अवगत कराया। जिस पर जिला कलक्टर ने उपखण्ड अधिकारी चौथ का बरवाड़ा दामोदर सिंह, एईएन सार्वजनिक निर्माण विभाग तथा प्राचार्य को संयुक्त रूप से विद्यालय व छात्रावास भवन के निर्माण के दौरान रह गई कमियों को दूर करवाने के निर्देश प्रदान किए है। ताकि आवासीय छात्राओं को किसी प्रकार की असुविधा नहीं हो। इसी प्रकार उन्होंने राजकीय डॉ. बी.आर. अम्बेडकर छात्रावास के निरीक्षण के दौरान छात्रावास परिसर में फुटबॉल-वॉलीबॉल का ग्राउण्ड विकसित करने के साथ-साथ मानसून के दौरान अधिक से अधिक पौधारोपण करवाने के निर्देश भी दिए है।

# राजस्थान में मुफ्त राशन लेना है, तो 15 जुलाई से पहले करवा लें ये काम




राजस्थान । अगर आप राजस्थान में राशन की दुकान से मुफ्त गेहूं प्राप्त करना चाहते हैं, तो आपको 15 जुलाई तक यह कार्य अवश्य पूरा करना होगा। यदि आप समय पर यह काम नहीं करते हैं, तो आपको मुफ्त राशन के लिए भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ेगा। खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग ने गेहूं वितरण के लिए ई-केवाईसी की प्रक्रिया लागू की है। सभी पात्र लाभार्थियों को 15 जुलाई तक अपनी केवाईसी पूरी करनी होगी। यह कदम राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजना में धोखाधड़ी को रोकने और लाभ वितरण को सुनिश्चित करने के लिए उठाया गया है। इस योजना के अंतर्गत आने वाले सभी लाभार्थियों के लिए ई-केवाईसी कराना अनिवार्य है। बिना ई-केवाईसी के कोई भी लाभार्थी राशन की दुकान से मुफ्त गेहूं नहीं ले पाएगा। पहले ई-केवाईसी कराने की अंतिम तिथि 30 जून 2024 थी, जिसे अब बढ़ाकर 15 जुलाई कर दिया गया है। यदि 15 जुलाई तक आपने अपने दस्तावेजों का ऑनलाइन सत्यापन (ई-केवाईसी) और राशन डीलर के पास जमा नहीं कराया, तो मुफ्त राशन मिलना बंद हो जाएगा। ई-केवाईसी का कार्य डीलर द्वारा किया जाता है, लेकिन लाभार्थियों को डीलर के पास जाकर अपने सभी दस्तावेजों का सत्यापन करवाना होता है और पॉस मशीन पर अंगूठे का निशान देना होता है। जानकारी के अनुसार योजना में वंचित पात्र लोगों के नाम जोड़ने की प्रक्रिया समय-समय पर चलती रहती है। सरकार का प्रयास है कि कोई भी पात्र व्यक्ति इस योजना के लाभ से वंचित न रहे। कई मामलों में देखा गया है कि कुछ लोग फर्जीवाड़ा करके गलत आधार नंबर जोड़वा लेते हैं। फर्जी तरीके से गेहूं वितरण और वितरण के नाम पर दलाली की शिकायतें विभाग को प्राप्त हुई हैं। इसलिए ई-केवाईसी को अनिवार्य किया गया है ताकि वंचित लोगों को लाभ मिल सके और अपात्र लोग इस योजना का दुरुपयोग न कर सकें। खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग ने गेहूं वितरण के दौरान पॉस मशीन में व्यापक बदलाव किए हैं ताकि संबंधित डीलर अपने यहां गेहूं लेने आने वाले लाभार्थियों और उनके परिवार के अन्य सदस्यों की ई-केवाईसी पॉस मशीन के माध्यम से भी कर सकें। ई-केवाईसी प्रक्रिया को पूरा करने के लिए डीलरों को आवश्यक जानकारी सोशल मीडिया के विभिन्न माध्यमों और विभाग की वेबसाइट के माध्यम से प्रदान की गई है। डीलरों को निर्देश दिया गया है कि वे खाद्य सुरक्षा पात्र लाभार्थियों को गेहूं वितरण करते समय पॉस मशीन का उपयोग करके उनकी ई-केवाईसी भी करें। इसका उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि 15 जुलाई तक यह प्रक्रिया पूरी तरह से संपन्न हो सके।

# राजस्थान में काले बादलों ने जमाया डेरा

## अगले 48 घंटों के लिए जयपुर समेत इन 13 जिलों के लिए Yellow के साथ Orange अलर्ट जारी



राजस्थान। राजस्थान में मानसून ( Monsoon) पूरी तरह मेहरबान है। अलग-अलग जिलों में काले बादल जमकर बरस रहे हैं। कई जगह जलभराव की स्थिति बनी हुई है। ज्यादातर जिलों का तापमान सामान्य हो गया है। जयपुर मौसम केंद्र (Jaipur Mausam Kendra) ने आज कई जिलों में भारी बारिश का अलर्ट जारी किया है। जिसके तहत जयपुर, टोंक, सवाई माधोपुर, भीलवाड़ा, बूंदी, बारां, कोटा और अजमेर जिलों में कुछ स्थानों पर मेघगर्जन के साथ साथ बिजली गिरने के साथ मध्यम बारिश का ऑरेंज ( orange alert) तो नागौर, चित्तौड़गढ़, प्रतापगढ़, श्रीगंगानगर, हनुमानगढ़ जिलों में हल्की से मध्यम बारिश का येलो अलर्ट ( yellow alert) जारी किया है।

**बीते दिन में बारिश का कोहराम**

बीते दिन के मौसम की बात करें तो प्रदेश में लगातार हो रही बारिश के कारण आधे से ज्यादा राजस्थान जलमग्न है। गुरुवार को डूंगरपुर और बांसवाड़ा में भारी बारिश के कारण हालात चिंताजनक बने हुए हैं। इसमें डूंगरपुर के सीमलवाड़ा क्षेत्र में 132 मिमी और बांसवाड़ा में 95 मिमी बारिश दर्ज की गई। डूंगरपुर में इस मानसून सीजन की सबसे तेज बारिश दर्ज की गई। यहां कुछ ही घंटों में 132 मिमी पानी गिर गया, जबकि बांसवाड़ा में भी 95 मिमी बारिश दर्ज की गई।

**आगामी दिन के मौसम का हाल-चाल**

मौसम विभाग जयपुर के अनुसार आगामी दिनों में दक्षिण-पश्चिमी भागों को छोड़कर राज्य के अधिकांश भागों में मानसून सक्रिय रहने की संभावना है। वहीं, राज्य के उत्तर-पूर्वी राजस्थान के ऊपर बने नए पश्चिमी विक्षोभ के कारण मानसून बीकानेर-चूरू से होकर गुजर रहा है। इसके चलते आगामी दो दिन तक पूर्वी राजस्थान में मानसून सक्रिय रहने की प्रबल संभावना है।

**मानसून में रहिए तैयार, कहीं भी आ सकती है अब बाढ़**

इस दौरान जयपुर, भरतपुर, अजमेर, उदयपुर, कोटा संभाग में कहीं-कहीं हल्की से मध्यम बारिश और कहीं-कहीं भारी बारिश की संभावना है। इसके साथ ही पश्चिमी राजस्थान के बीकानेर संभाग के मौसम विभाग ने कुछ हिस्सों में मेघगर्जन के साथ बारिश की संभावना जताई है। इसके अलावा जोधपुर संभाग के पूर्वी भागों में भी कुछ स्थानों पर हल्की से मध्यम बारिश होने की संभावना है और सीमावर्ती इलाकों में मौसम मुख्यतः शुष्क रहने की संभावना है।

# पति ने सिर दर्द की दवा मांगी तो पत्नी ने दे दिया ज़हर, पति अनपढ़ था इसलिए नहीं था पसंद



भीलवाड़ा। बेमेल रिश्ते समाज के लिए कितने घातक हो सकते हैं ? यह कड़वा सच भीलवाड़ा के सदर थाना क्षेत्र के धुमडांस गांव में हुए मदनलाल गाडरी हत्याकांड की जांच में सामने आया है। पढ़ी-लिखी पत्नी वंदना को कम पढ़ा लिखा पति मदन पसंद नहीं था। पति ने एक दिन सिर दर्द की दवा मांगी तो पत्नी ने उसे जहर दे दिया। पोस्टमार्टम में जहर से मौत की बात सामने आने के बाद पुलिस इसे आत्महत्या मान रही थी लेकिन परिजनों का दबाव बना कि उनका बेटा आत्महत्या नहीं कर सकता तो पुलिस ने जांच का एंगल बदला जिसके बाद सारा सच सामने आ गया। मामला भीलवाड़ा के धूमड़ास गांव का है। जहां 22 साल के मदन की 3 जून को अचानक तबीयत बिगड़ने पर उसे पहले भीलवाड़ा के महात्मा गांधी अस्पताल और बाद में उदयपुर के महाराणा भूपाल चिकित्सालय में भर्ती करवाया गया था। मदन ने 6 जून को उदयपुर अस्पताल में दम तोड़ दिया था। मृतक के भाई नारायण ने अदालत के इस्तेगासा से 15 जून को सदर थाने में रिपोर्ट दी जिसमें बताया गया कि मृतक की पत्नी टीना पुत्री कैलाश गाडरी ने मदन को जहर की गोलियां खिला दी थी। 3 जून को हुई इस घटना से पहले 1 जून को ही टीना अपने पीहर से ससुराल आई थी।

**पत्नी ने हत्या की बात कबूली**

पुलिस ने हत्या का केस दर्ज कर मामले की जांच शुरू की तो मामले में बुधवार रात नया मोड़ आ गया। पुलिस अब तक आत्महत्या मान कर मामले की जांच कर रही थी लेकिन मामला हत्या का निकल गया। पुलिस जांच में साफ हो गया की पत्नी को पति पसंद नहीं था जिसकी वजह से पत्नी ने उसकी हत्या कर दी। हत्या करने की बात कबूल करने के बाद सदर थाना पुलिस ने आरोपी वंदना गाडरी को गिरफ्तार कर लिया।

टीना ने पुलिस को बताया कि वह, उसके पति मदन को पसंद नहीं करती थी और किसी और से शादी करना चाहती थी। पति को पसंद नहीं करने की वजह यह थी कि वह कम पढ़ा लिखा था और फैक्ट्री में मजदूरी करता था जबकि वंदना बीए की पढ़ाई कर रही थी।

**पत्नी से कम पढ़ा था पति**

पुलिस ने वंदना उर्फ टीना से पूछताछ की तो चौंकाने वाला खुलासा हुआ। टीना ने पुलिस को बताया कि वह, उसके पति मदन को पसंद नहीं करती थी और किसी और से शादी करना चाहती थी। पति को पसंद नहीं करने की वजह यह थी कि वह कम पढ़ा लिखा था और फैक्ट्री में मजदूरी करता था जबकि वंदना बीए की पढ़ाई कर रही थी।

भीलवाड़ा पुलिस ने टीना उर्फ वंदना को गिरफ्तार कर लिया है (हरी चुनरी में)

**मांगी दवा, दे दिया जहर**

वंदना उर्फ टीना से पूछताछ में खुलासा हुआ कि घटना के दिन तीन जून को मदन के हाथ-पैर दर्द कर रहे थे। इसके चलते उसने पत्नी वंदना से दर्द की गोली मांगी। टीना ने इसे मदन को रास्ते से हटाने का मौका मानते हुये उसे टेबलेट के बजाय सल्फोस की गोली दे दी। मदन ने पत्नी पर विश्वास करते हुये सल्फोस की गोली को टेबलेट मानकर खा लिया और कुछ देर बाद ही उसकी तबीयत बिगड़ गई।

**आंटा-सांटा प्रथा से हुई थी शादी**

जेंडर असंतुलन की वजह से मेवाड़ के कई ग्रामीण अंचलों में आंटा-सांटा विवाह प्रथा है। पुलिस का कहना है कि टीना व मदन का विवाह आंटा-सांटा प्रथा के तहत हुआ था। मदन की बहन की शादी वंदना के भाई के साथ हुई थी।

# बांसवाड़ा की दीपिका को सीनियर महिला लैक्रोस प्रतियोगिता में मिला बेस्ट गोलकीपर का खिताब

बांसवाड़ा। उज्बेकिस्तान में आयोजित सीनियर महिला लैक्रोस प्रतियोगिता में टीम इंडिया का मुकाबला सऊदी अरब की टीम से हुआ। जिसमें भारत उपविजेता रही टीम इंडिया की गोलकीपर दीपिका को बेस्ट गोलकीपर का पुरस्कार मिला है। यह राजस्थान के बांसवाड़ा की रहने वाली है। सऊदी अरब की टीम इस प्रतियोगिता की चैंपियन बनी है। टीम इंडिया के कोच शकील खान और नीरज बत्रा ने बताया कि प्रतियोगिता के फाइनल में भारत का मुकाबला सऊदी अरब की टीम से हुआ। इसमें टीम इंडिया 11-9 से हार गई।

**कप्तान सुनीता मीणा ने जीता बेस्ट स्कोरर का खिताब**

इस प्रतियोगिता में भारत की झूला कुमारी गुर्जर और विशाखा मेघवाल ने 3-3 गोल किए, कप्तान सुनीता मीणा ने 2 गोल किए तथा डॉली गमेती ने 1 गोल किया। इस






प्रतियोगिता में गोलकीपर दीपिका बामणिया का प्रदर्शन काफी सराहनीय रहा। अन्य खिलाड़ियों हेमलता डांगी, मीरा हैडोजा, राधिका जाड़े, कीर्ति कुरुवा, राशि गौड़, दिव्यांशी दवे, रिद्धिमा वाघेला, अलका सिंह ने भी अच्छा खेल दिखाया। कोच ने बताया कि भारत की कप्तान सुनीता मीणा ने प्रतियोगिता में 22 गोल किए तथा बेस्ट स्कोरर का खिताब जीता। विजेता और उपविजेता टीमों के खिलाड़ियों को एशिया पेसिफिक लैक्रोस फेडरेशन के चेयरमैन जापान के क्रिस जिन्नो ने सम्मानित किया।

**टीम इंडिया ने जीता रजत पदक**

भारत के रजत पदक जीतने पर लैक्रॉस फेडरेशन ऑफ इंडिया के महासचिव तौसीफ अहमद लारी, राजस्थान के खेल मंत्री राज्यवर्धन सिंह राठौर, जनजाति मंत्री बाबूलाल खराड़ी, गौरव सोनभद्र, एडवाइजर डॉ। गरिमा यादव, डॉ। शिवकुमार तिवारी, आरती खुराना, नौना राठौड़, विनोद बंसल, राजेश शर्मा, डॉ। रीनेश मित्तल सहित कई अधिकारियों ने बधाई दी है। इस मौके पर टीम के साथ मैनेजर डॉ। गंगाधरया, सहायक मैनेजर सलीम खान, चीफ डे मिशन शहजाद खान, सौरभ बेताल मौजूद थे।



# विराट-रोहित के बिना जिम्बाब्वे के खिलाफ नई शुरुआत करेगी भारत की युवा टीम

## पांच मैचों की टी-20 श्रृंखला का पहला मैच आज शाम 4.30 बजे

एजेंसी ▸▸ हरारे

रोहित शर्मा और विराट कोहली के बिना की युवा ब्रिगेड जिम्बाब्वे के खिलाफ शनिवार से शुरू हो रही पांच मैचों की टी20 श्रृंखला में उतरेगी। इस प्रारूप में यह भारतीय क्रिकेट के नए दौर का सूत्रपात भी होगा। भारत में टी20 विश्व कप की जीत के सतत जारी जश्न के बीच शुभमन गिल की कप्तानी वाली आईपीएल सितारों से सजी यह युवा टीम जीत का अपना सिलसिला शुरू करना चाहेगी। आईपीएल में सनराइजर्स हैदराबाद के लिए शानदार प्रदर्शन करने वाले पंजाब के अभिषेक शर्मा और राजस्थान रॉयल्स के लिए खेलने वाले असम के रियान पराग इस श्रृंखला के जरिए पदार्पण करेंगे।

### रोहित-कोहली रिटायर

पिछले कुछ साल में रोहित और कोहली टी20 क्रिकेट में कई द्विपक्षीय श्रृंखलाओं से बाहर रहे हैं। अब टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से दोनों के संन्यास के बाद उनकी कमी जरूर खलेगी। इसकी भरपाई करना तो मुश्किल है लेकिन फिर परिवर्तन संसार का नियम है।





### 2026 तक खेलना है 34 मैच

शिवम दुबे, संजू सैमसन और यशस्वी जायसवाल तीसरे मैच से ही उपलब्ध होंगे। भारत के भावी टी20 कप्तान हार्दिक पंड्या, सूर्यकुमार यादव, ऋषभ पंत, अक्षर पटेल, अर्शदीप सिंह और कुलदीप यादव भी भविष्य में इस प्रारूप में लौटेंगे लिहाजा अंतिम एकादश में ज्यादा जगह खाली नहीं है। अब से 2026 टी20 विश्व कप तक भारतीय टीम इस प्रारूप में 34 मैच खेलेगी।

### भारतीय खिलाड़ियों की लाइनअप

कप्तान गिल पारी का आगाज करेंगे और देखना होगा कि उनके अजीज दोस्त अभिषेक शर्मा को पदार्पण का मौका मिलता है या चेन्नई सुपर किंग्स के कप्तान ऋतुराज गायकवाड़ खेलते हैं। अभिषेक पारी की शुरुआत करते हैं तो गायकवाड़ तीसरे नंबर पर उतर सकते हैं। पराग चौथे नंबर पर बल्लेबाजी कर सकते हैं लिहाजा उनके चयन की संभावना अधिक है। टी20 क्रिकेट के आक्रामक फिनिशर रिंकू सिंह पांचवें नंबर पर उतर सकते हैं जबकि छठे नंबर पर जितेश शर्मा या ध्रुव जुरेल को उतारा जा सकता है। गेंदबाजी में आवेश खान और खलील अहमद का खेलना तय है जबकि डैथ ओवरों के खतरनाक गेंदबाज मुकेश कुमार तीसरे तेज गेंदबाज होंगे। दुबे के आने तक वॉशिंगटन सुंदर को मौका मिल सकता है।

### संभावित टीमें

**भारत (पहले दो मैच) :** शुभमन गिल (कप्तान), ऋतुराज गायकवाड़, अभिषेक शर्मा, रिंकू सिंह, ध्रुव जुरेल, रियान पराग, वॉशिंगटन सुंदर, रवि बिश्नोई, आवेश खान, खलील अहमद, मुकेश कुमार, तुषार देशपांडे, साइ सुदर्शन, जितेश शर्मा, हर्षित राणा।

**जिम्बाब्वे :** सिकंदर रजा (कप्तान), फराज अकरम, ब्रायन बेनेट, जोनाथन कैंपबेल, टेंडाइ चतारा, ल्यूक जोंगवे, इनोसेंट केइया , क्लाइव एम, वेसली मेदेवेरे, टी मारुमानी, वेलिंगटन मसाकाजा, ब्रेंडन मावुता, ब्लेसिंग मुजाराबानी, डियोन मायर्स , एंटम नकवी, रिचर्ड एंगारावा, मिल्टन शुम्बा।

---

## खबर संक्षेप



### खिताब की हैट्रिक से एक जीत दूर आडवाणी

**रियाद।** भारत के क्यू खिलाड़ी पंकज आडवाणी एशियाई बिलियडर्स में हैट्रिक बनाने के करीब हैं जिन्होंने हमवतन सौरव कोठारी को 5-0 से हराकर फाइनल में प्रवेश किया। आडवाणी ने हर फ्रेम में 100 का स्कोर किया। उन्होंने 100-29, 100-33, 101-38, 100-21, 100-0 से जीत दर्ज की। इससे पहले क्वार्टर फाइनल में उन्होंने भारत के ही श्रीकृष्णा सूर्यनारायणन को 5-0 से हराया था।

### प्रागी ने कारुआना को ड्रॉ पर रोका

**बुकारेस्ट।** भारतीय ग्रैंडमास्टर आर प्रज्ञानानंदा ने सुपरबेट क्लासिक शतरंज टूर्नामेंट के आठवें दौर में अमेरिका के फेबियानो कारुआना से ड्रॉ खेला



जबकि विश्व चैंपियनशिप चैलेंजर डी गुकेश ने नीदरलैंड के अनीश गिरि से बाजी बराबरी पर खत्म की। चौथी बार एक भी मुकाबले का नतीजा नहीं निकला और सभी बाजियां ड्रॉ रहीं। कारुआना ने दस खिलाड़ियों के राउंड रॉबिन टूर्नामेंट में आधा अंक की बढ़त बना रखी है। आठ मुकाबलों में पांच अंक लेकर कारुआना शीर्ष पर हैं जबकि प्रज्ञानानंदा, गुकेश और फ्रांस के फिरोजा अलीरजा उनसे आधा अंक पीछे हैं।

### एशियाई युगल स्क्वाश के पहले दिन जीते अभय

**नई दिल्ली।** अभय सिंह ने मलेशिया के जोहोर में चल रही एशियाई युगल स्क्वाश चैंपियनशिप के पहले दिन भारतीय चुनौती की अगुवाई करते हुए



अपने दोनों वर्गों में जीत दर्ज की। भारतीय दल ने पांच में से चार मुकाबले जीते। अभय और वेलावन सेंथिलकुमार ने फिलीपीन के डेविड पेलिनो और रेमार्क बेगोर्निया को पुरुष युगल में 2-0 से हराया। वहीं अभय और जोशना चिनप्पा ने मिश्रित युगल में फिलीपीन के वोन्ने डालिडा और बेगोर्निया को 11-4, 11-3 से मात दी। इसके बाद सिंगापुर की नैशा सिंह और एंडर्स ओंग वी जुन को 11-3, 11-6 से हराया।

### पाक करेगा इंग्लैंड, वेस्टइंडीज और बांग्लादेश की मेजबानी

**कराची।** पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने अंतिम समय में अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला घोषित करने की परंपरा से हटते हुए शुक्रवार को पुष्टि की कि पुरुष टीम 2024-25 सत्र में इंग्लैंड के खिलाफ 'हाई प्रोफाइल' श्रृंखला सहित नौ टेस्ट, 14 वनडे और नौ टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेलेगी। पाकिस्तान इस साल अक्टूबर में तीन मैच की टेस्ट श्रृंखला के लिए इंग्लैंड की मेजबानी करेगा जबकि बांग्लादेश और वेस्टइंडीज के दौरे भी कैलेंडर में शामिल हैं। पीसीबी चेयरमैन मोहसिन नकवी ने कहा, 'ये श्रृंखलाएं अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में पाकिस्तान का स्थान मजबूत करने के लिए हमारी रणनीति का अहम हिस्सा है।'

---

**फुटबॉल : क्वार्टर फाइनल में इक्वाडोर को 4-2 से हराया**

# मेसी शूटऑउट में गोल से चूके, अर्जेंटीना ने कोपा अमेरिका के अंतिम-4 में बनाई जगह

एजेंसी ▸▸ टेक्सास

गत चैंपियन अर्जेंटीना ने एक रोमांचक मुकाबले में इक्वाडोर को हराकर कोपा अमेरिका 2024 के सेमीफाइनल में प्रवेश किया। हालांकि, टेक्सास के एनआरजी स्टेडियम में क्वार्टर फाइनल में लियोनेल मेसी की पेनल्टी तब बुरी तरह से गलत साबित हुई जब मैच शूटआउट तक पहुंच गया, जिसके बाद खेल 1-1 से बराबरी पर आ गया। अर्जेंटीना ने शूटआउट में 4-2 से जीत हासिल की।

अर्जेंटीना की ओर से पहला पेनल्टी शूट मेसी ने किया और अपनी टीम को शुरुआती बढ़त दिलाने का लक्ष्य बनाया। मौजूदा टूर्नामेंट में चोटों से जूझ रहे अर्जेंटीना के कप्तान ने गेंद को नेट में डालने का साहसिक प्रयास किया। हालांकि, मेसी का प्रयास विफल हो गया क्योंकि उनका शॉट क्रॉसबार के ऊपर से टकराकर इक्वाडोर के गोलकीपर के पास चला गया। अंत में, मेसी की चूक का असर उनकी टीम पर नहीं पड़ा क्योंकि गोलकीपर एमिलियानो मार्टिनेज ने गोल बचा लिया। मार्टिनेज ने मेना के इक्वाडोर के पहले पेनल्टी प्रयास को बचाया और एलन मिंडा के गोल को भी रोका जिससे अर्जेंटीना ने बढ़त बनाई और शूटआउट में 4-2 से जीत हासिल की।



### मेसी ने दागा पहला गोल

रेगुलेशन टाइम की बात करें तो मेसी ने मुकाबले का पहला गोल किया, जिसके बाद लिसेंड्रो मार्टिनेज ने फिनिशिंग टच दिया। हालांकि, इक्वाडोर ने वापसी की और दूसरे हाफ में जोशपूर्ण संघर्ष दिखाया, जिसके परिणामस्वरुप स्टॉपेज टाइम में केविन रोड्रिगेज ने गोल किया। इस साल के कोपा अमेरिका में कोई अतिरिक्त समय नहीं होने के कारण मैच शूटआउट में चला गया, जहां मार्टिनेज अर्जेंटीना के लिए हीरो रहे। अब सेमीफाइनल में अर्जेंटीना का सामना वेनेजुएला या कनाडा से होगा।

### कोच जीत से खुश नहीं

अर्जेंटीना के कोच लियोनेल स्कालोनी ने कहा, 'पेनल्टी में टीम को अपने गोलकीपर पर पूरा भरोसा होता है और यही सबसे बड़ी बात है।' 'लियो के चूकने के बाद और टीम के लिए इसका मतलब यह है कि हमारे गोलकीपर ने अच्छा प्रदर्शन किया। 'मुझे लगता है कि जब आप इस तरह से जीतते हैं तो यह आनंददायक नहीं होता। बेशक, हम खुश हैं, लेकिन मुझे इस जीत का आनंद नहीं आया।'

---

**पेरिस ओलंपिक : मोदी बोले**

# चकाचौंध में खोना नहीं दबाव बिना खेलना



■ प्रधानमंत्री मोदी ने ओलंपिक जा रहे खिलाड़ियों से की बात

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

पेरिस ओलंपिक जा रहे भारतीय खिलाड़ियों को जीत हार का दबाव नहीं लेते हुए अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने की सलाह देते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि उन्हें ओलंपिक की चकाचौंध में खोए बगैर अपना फोकस बनाए रखना है।

प्रधानमंत्री मोदी ने पेरिस ओलंपिक जा रहे खिलाड़ियों से शुक्रवार को व्यक्तिगत और आनलाइन बातचीत में कहा, 'मेरी कोशिश रहती है कि खेल जगत से जुड़े देश के सितारों से मिलता रहूं, नई चीजें जानता रहूं और उनके प्रयासों को समझता रहूं। मेरी कोशिश सभी से सीधे बात करने की होती है।' प्रधानमंत्री के साथ बातचीत में हॉकी कप्तान हरमनप्रीत सिंह, गोलकीपर पी आर श्रीजेश , तीरंदाज दीपिका कुमारी, पहलवान अंतिम पंघाल, निशानेबाज मनु भाकर, रमिता जिंदल, चौदह वर्ष की तैराक धिनिधि देसिंघु के अलावा आनलाइन जुड़ने वालों में ओलंपिक और विश्व चैंपियन भालाफेंक खिलाड़ी नीरज चोपड़ा, दो बार की ओलंपिक पदक विजेता बैडमिंटन खिलाड़ी पी वी सिंधू और मुक्केबाज निकहत जरीन समेत लगभग 90 खिलाड़ी शामिल थे।

### 2036 का दावा मजबूत करेंगे आपके अनुभव

प्रधानमंत्री ने कहा, 'भारत की कोशिश है कि हम 2036 में ओलंपिक की मेजबानी करें। इससे भी बड़ा माहौल बनता है और हम प्रयास कर रहे हैं। बुनियादी ढांचा तैयार करने पर विशेषज्ञ काम कर रहे हैं। मैं ओलंपिक से पहले नहीं लेकिन बाद में वहां की व्यवस्थाओं का जायजा लेने का आपसे आग्रह करूंगा। आप लोग भी खेल के बाद वहां व्यवस्थाएं क्या हैं, उसे देखें। खिलाड़ियों से जो इनपुट मिलेगा, वह 2036 के लिए काम आएगा। आप यह देखकर आएंगे तो हमें बहुत सुविधा होगी।'

---

**जापान के ताकुमा ओबायाशी को सीधे गेम में हराया**

# राजावत क्वार्टर फाइनल में, त्रिसा-गायत्री भी जीते

एजेंसी ▸▸ कैलगरी

भारत के उदीयमान बैडमिंटन खिलाड़ी प्रियांशु राजावत ने अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए जापान के ताकुमा ओबायाशी को सीधे गेम में हराकर कनाडा ओपन एकल क्वार्टर फाइनल में प्रवेश कर लिया।

दुनिया के 39वें नंबर के खिलाड़ी राजावत ने 33वीं रैंकिंग वाले ओबायाशी को 38 मिनट में 21-19, 21-11 से हराया। अब उनका सामना डेनमार्क के एंडर्स एंटोनसेन से होगा। महिला युगल में तीसरी वरीयता प्राप्त त्रिसा जॉली और गायत्री गोपीचंद की जोड़ी भी क्वार्टर फाइनल में पहुंच गई। उन्होंने डेनमार्क की नताशा एंथोनिसेन और नीदरलैंड की एलिसा टी को अंतिम 16 के मुकाबले में 17-21, 21-7, 21-8 से हराया।



अब उनका सामना चीनी ताइपै की पेइ एस सियेह और एन जू हंग से होगा। अनुपमा उपाध्याय और तान्या हेमंत की जोड़ी दूसरे दौर में हार गई। पुरुष युगल में कृष्ण प्रसाद गारागा और के साई प्रतीक को भी पराजय का सामना करना पड़ा जबकि मिश्रित युगल में रोहन कपूर और रुत्विका गाड्डे की जोड़ी हार गई।

### दक्षिण अफ्रीका ने भारत को 12 रन से हराया

**चेन्नई।** दक्षिण अफ्रीका महिला क्रिकेट टीम ने तजमिन ब्रिट्स (81 रन) और मारिजने काप (57 रन) के अर्धशतकों की मदद से शुक्रवार को यहां पहले टी-20 अंतरराष्ट्रीय में भारत को 12 रन से शिकस्त देकर तीन मैच की श्रृंखला में 1-0 से बढ़त बनायी। ब्रिट्स ने 56 गेंद का सामना करते हुए अपनी पारी में 10 चौके और तीन छक्के जड़े जबकि काप ने 33 गेंद की पारी में आठ चौके और एक छक्का लगाया। बल्लेबाजी का न्योता मिलने के बाद दक्षिण अफ्रीका ने 189 रन का चुनौतीपूर्ण स्कोर खड़ा किया जिसके जवाब में भारतीय टीम जेमिमा रोड्रिग्स (नाबाद 53 रन) के अर्धशतक के बावजूद चार विकेट पर 177 रन ही बना सकी। सलामी बल्लेबाज शेफाली वर्मा (18 रन) और स्मृति मंधाना (46 रन) ने पहले विकेट के लिए 56 रन की साझेदारी निभाकर भारत को अच्छी शुरूआत करायी। लेकिन अयाबोंगा खाका ने शेफाली को आउट कर पहला झटका दिया। मंधाना अच्छा खेल रही थीं लेकिन क्लो ट्रायोन की गेंद उनके बल्ले का किनारा लेते हुए विकेटकीपर के हाथों में चली गयी और भारत ने अपना दूसरा विकेट गंवा दिया। मंधाना ने 30 गेंद की पारी में सात चौके और दो छक्के लगाये। दयालन हेमलता (14 रन) ज्यादा देर तक बल्लेबाजी नहीं कर सकीं और 17 गेंद खेलने के बाद नाडिने डि क्लर्क का शिकार हुईं।

---

**विजेताओं का सम्मान**

# महाराष्ट्र टी-20 विश्व कप विजेता टीम को देगा 11 करोड़

एजेंसी ▸▸ मुंबई

महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने टी20 विश्व कप जीतने वाली भारतीय क्रिकेट टीम के लिए शुक्रवार को 11 करोड़ रुपए के नकद पुरस्कार की घोषणा की।

यह घोषणा यहां विधान भवन में की गई जहां भारतीय टीम के कप्तान रोहित शर्मा, सूर्यकुमार यादव, यशस्वी जायसवाल और शिवम दुबे को सम्मानित किया गया। शिंदे ने अपने भाषण में विश्व कप में टीम की चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान पर मिली जीत के अलावा सूर्यकुमार के दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ फाइनल मैच में लिए गए शानदार कैच की प्रशंसा की। मुख्यमंत्री ने सहयोगी टीम के सदस्य पारस म्हाम्ब्रे और अरुण कनाडे के योगदान की प्रशंसा करते हुए उन्हें सम्मानित किया। साथ ही उन्होंने मुंबई पुलिस की गुरुवार को विजय परेड के दौरान भीड़ प्रबंधन की भी सराहना की। इस मौके पर उप मुख्यमंत्री अजीत पवार और देवेंद्र फडनवीस भी मौजूद थे।



---

**भारतीय हॉकी कप्तान हरमनप्रीत ने ओलंपिक में पदक जीतने का दिलाया भरोसा**

# क्रिकेट टीम की जीत पर गर्व, अब हमारी बारी

एजेंसी ▸▸ बेंगलुरु

टी20 विश्व कप में भारतीय टीम की शानदार जीत पर भारतीय हॉकी कप्तान हरमनप्रीत सिंह को गर्व है और उनका वादा है कि पेरिस ओलंपिक में उनकी टीम भी देशवासियों को फिर इसी तरह से जश्न मनाने का मौका देगी।

रोहित शर्मा की कप्तानी वाली भारतीय क्रिकेट टीम ने आईसीसी खिताब के लिए 11 साल का इंतजार खत्म करते हुए बारबडोस में दक्षिण अफ्रीका को हराकर टी20 विश्व कप जीता। चैंपियन टीम का स्वदेश लौटने पर पलक पांवड़े बिछाकर अभूतपूर्व स्वागत किया गया। पेरिस ओलंपिक की तैयारियों के लिए शिविर में मसरुफ भारतीय हॉकी टीम के कप्तान हरमनप्रीत ने इंटरव्यू में कहा, 'एक खिलाड़ी होने के नाते बड़े टूर्नामेंट में जाना और अच्छा प्रदर्शन करके विश्व कप जीतना, उससे बड़ी कोई बात नहीं है। पूरा देश आपके साथ झूम रहा है। इससे बड़ी गर्व की बात क्या हो सकती है। हमारी भी यही कोशिश है कि ओलंपिक जाकर पदक जीते और स्वर्ण पदक जीतकर देशवासियों को यही खुशी फिर से दें। देश के साथ इन पलों को हम भी जिएं। मेरे लिए इससे बड़ी गर्व की बात नहीं होगी।

पिछले साल वनडे विश्व कप फाइनल हारने के बाद उन्होंने टी20 विश्व कप जीता जो बहुत बड़ी बात है। रोहित का भी काफी लंबा सफर रहा है और उन्होंने कई उतार चढ़ाव देखें हैं। पूरे देश को और हमें भी उन पर गर्व है।'




### टोक्यो के पदक ने किया टॉनिक का काम

टोक्यो ओलंपिक में 41 साल बाद पदक जीतने वाली टीम का हिस्सा रहे हरमनप्रीत ने कहा, 'जब टोक्यो में हमने 41 साल बाद पदक जीता तो हॉकी के लिए यह टॉनिक की तरह रहा। इस बार हमारी जिम्मेदारी बढ़ी है और सभी को पता है कि उस पदक के बाद कितना प्यार और सम्मान मिला है। पदक जीतने का अहसास कभी नहीं भुलाया जा सकता। टीम में जो नए खिलाड़ी आए हैं, हम उनके साथ अपना अनुभव बांटते हैं कि ओलंपिक पदक जीतना आसान नहीं होता। वे भी ध्यान से सुनते हैं और पूरे जोश से मेहनत करते हैं।'

---


**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

(धारा 82 सीआरपीसी देखिए)

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **रोहित कुमार उर्फ बंटी पुत्र महेश कुमार पता एन–71/बी–157 पुरानी चंद्रवाल सिविल लाइंस, दिल्ली ने एफआईआर नं 471/21 दिनांक 06.12.2021 धारा 354/ 354ए/323 भा.द.स. के तहत** थानाः सिविल लाइंस, दिल्ली के अधीन दंडनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **रोहित कुमार उर्फ बंटी** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधान प्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **रोहित कुमार उर्फ बंटी** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा है)। अतः इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **एफआईआर 471/21 दिनांक 06.12.2021 धारा 354/354ए/323 भा.द.स. के तहत थानाः सिविल लाइंस, दिल्ली के उक्त रोहित कुमार उर्फ बंटी** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **29.08.2024** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
नेहा खेरिया
महानगर दण्डाधिकारी
महिला कोर्ट – 01, (केन्द्रीय जिला)
कमरा नं.343,
तीस हजारी कोर्ट, दिल्ली

DP/8153/N/2024

स्पेशल
वर्ल्ड सोशल मीडिया-डे



यह सही है कि सोशल मीडिया ने पूरी दुनिया को आपस में कनेक्ट करने में रिवोल्यूशनरी रोल निभाया है। लेकिन इसका दूसरा पहलू यह है कि आज देश-दुनिया में करोड़ों लोग सोशल मीडिया एडिक्शन से ग्रस्त हैं, इन्होंने अपनी लाइफ को अनहेल्दी और स्ट्रेसफुल बना लिया है। ऐसे में इस एडिक्शन से बचने के तरीकों और इससे होने वाले बेनिफिट्स के बारे में हम सभी को पता होना चाहिए। आज वर्ल्ड सोशल मीडिया-डे के अवसर पर इन तमाम पहलुओं पर हम यहां डिटेल में बता रहे हैं।

# लाइफ को बना रहा बीमार सोशल मीडिया एडिक्शन

{ कवर स्टोरी / रजनी अरोड़ा }

आज के दौर में सोशल मीडिया, हम में से अधिकतर की जिंदगी का अहम हिस्सा बन गया है। चाहे किसी तरह की जानकारी लेनी हो, अपने प्रोडक्ट की पब्लिसिटी करनी हो, अवेयर करना हो, हर फील्ड का प्लेटफॉर्म बनाने का काम सोशल मीडिया कर रहा है। सोशल मीडिया ऑनलाइन प्लेटफॉर्म्स, हमारे शरीर के मस्तिष्क के उसी हिस्से को सक्रिय करते हैं, जिस हिस्से को अन्य हैबिट्स एक्टिव करती हैं। सोशल मीडिया पर लाइक्स, ज्यादा से ज्यादा व्यूअर, फॉलोअर और सब्सक्राइबर मिलने से शरीर में डोपामाइन केमिकल का लेवल बढ़ जाता है और व्यक्ति को खुशी महसूस होने लगती है। इसके उलट अगर आपकी पोस्ट पर नेगेटिव कमेंट्स आते हैं या ट्रोलिंग होती है तो आप परेशान हो जाते हैं और नेगेटिविटी का शिकार भी होने लगते हैं। वास्तव में सोशल मीडिया एक वर्चुअल या आभासी दुनिया है, जो वास्तविकता या रियलिटी से अलग है। यहां सिर्फ वही दिखता है, जो हम लोगों को दिखाना चाहते हैं। रील और रियल लाइफ बहुत अलग-अलग होती हैं।

## तेजी से बढ़ रहा लोगों में एडिक्शन

आज के बदलते लाइफस्टाइल में सोशल मीडिया, हमारी हेल्थ और सक्सेस का सबसे बड़ा दुश्मन साबित हो रहा है। दरअसल, सोशल मीडिया के विभिन्न प्लेटफॉर्म्स (व्हाट्सएप, फेसबुक, इंस्टाग्राम, ट्विटर, स्नैप चैट) का एडिक्शन लोगों को तेजी से अपनी गिरफ्त में ले रहा है। इस वजह से अपने दिन का एक बड़ा हिस्सा लोग इसमें बर्बाद कर रहे हैं। शुरू में चाहे वो नॉलेज पाने के लिए स्मार्टफोन का उपयोग करते हैं, धीरे-धीरे सोशल मीडिया में चैटिंग करना, स्टेटस लगाना, सेल्फी लगाने में



उलझने लगते हैं। कई लोग तो इस कदर इसमें रम जाते हैं कि हर पांच मिनट में अपना स्टेटस अपडेट करने लगते हैं और उस पर आने वाले लाइक्स का बड़ी शिद्दत से इंतजार करते हैं। ऐसा ना करने पर उन्हें एंजाइटी होने लगती है। उनके दिमाग में एडिक्शन पैटर्न बनना शुरू हो जाता है, जो हेल्थ और नॉर्मल लाइफ के लिए काफी हार्मफुल हो सकता है।

## क्या कहते हैं आंकड़े


भारत में एंड्रॉयड मोबाइल फोन के तेजी से बढ़ते चलन के कारण, आज तकरीबन 35 करोड़ सोशल मीडिया यूजर हो गए हैं। आने वाले कुछ वर्षों में इनकी संख्या और बढ़ने की संभावना है। स्मार्टफोन यूजर, औसतन ढाई से तीन घंटे रोजाना सोशल मीडिया पर बिताते हैं। राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग के हिसाब से बड़े शहरों में 18 साल से कम उम्र के बच्चे सोशल मीडिया की लत का शिकार हो रहे हैं। 10-12 साल के करीब 43 प्रतिशत बच्चे सोशल मीडिया के विभिन्न प्लेटफॉर्म्स पर एक्टिव हैं। 8 में से एक बच्चा रात को भी सोशल मीडिया चैटिंग करता है।

## तब हो जाएं एलर्ट

इसमें कोई शक नहीं है कि अगर सोशल मीडिया का सही तरीके से इस्तेमाल किया जाए, तो इससे आप अपनी नॉलेज और करियर को बेहतर बना सकते हैं। लेकिन गलत इस्तेमाल आपको शारीरिक-मानसिक रूप से बीमार बना सकता है। अगर आपको अपना सोशल मीडिया एकाउंट चेक करते हुए या करने के बाद मूड में नेगेटिविटी या कुछ एब्नॉर्मल लक्षण नजर आने लगें जैसे-साइकोलॉजिकल डिपेंडेंसी बहुत बढ़ना, ईर्ष्या या असुरक्षा जैसे भाव महसूस होने लगें, आपको अकसर गुस्सा आने लगे, स्वभाव में चिड़चिड़ापन आए, बिना वजह दुखी रहें, स्ट्रेस, एंजाइटी बढ़ जाए, आपके ईटिंग और स्लीपिंग पैटर्न में बदलाव हो यानी रात में नींद कम आने लगे या भूख कम लगे, रोजमर्रा की एक्टिविटीज और काम-काज में मन ना लगे, बार-बार फोन चेक करने का मन करे, अपने पियर ग्रुप या दोस्तों के साथ कंपैरिजन करने लगें, उनसे मिलने-बातचीत करने के बजाय सोशल मीडिया पर ही संपर्क में रहते हों तो ये सब सोशल मीडिया एडिक्शन के लक्षण हो सकते हैं। यह खतरे की घंटी है। ऐसे में सोशल मीडिया से दूरी बना लेना ही उचित है। *

## सोशल मीडिया डिटॉक्स के फायदे

**अनुसंधानों** से साबित हुआ है कि सोशल मीडिया से ब्रेक लेने यानी इसके एडिक्शन से मुक्त होने के बाद लोगों के शारीरिक-मानसिक स्वास्थ्य में काफी सुधार आता है। अगर आप सोशल मीडिया एडिक्शन से ग्रस्त हैं तो इन फायदों के बारे में जानकर आप जरूर इससे मुक्त होना चाहेंगे।



**मूड में सुधार**: रिसर्च से साबित हुआ है कि सोशल मीडिया से दूरी बना लेने पर मूड में पॉजिटिव बदलाव आता है। इससे आप अपनी तुलना दूसरों से करना बंद कर देते हैं। अपनी जिंदगी सुकून से जीने लगते हैं। आपका मूड अच्छा रहता है, आप प्रोडक्टिव वर्क अधिक करने लगते हैं।

**कम होती है शो-ऑफ की हैबिट**: सोशल मीडिया पर लोग ज्यादातर दिखावा करते हैं, अपने को बहुत खुश दिखाते हैं। जिन्हें देखकर आप भी शो-ऑफ भरे पोस्ट्स डालना चाहते हैं और ऐसा ना कर पाने पर दुःखी रहने लगते हैं। सोशल मीडिया की लत छोड़ने पर आप शो-ऑफ की हैबिट से दूर रहकर सहज जीवन जीने लगते हैं।

**फेक न्यूज से होगा बचाव**: सोशल मीडिया झूठी खबरों का सबसे बड़ा अड्डा बन चुका है। कई बार तो इनके जरिए व्यक्ति को इस तरह ट्रैप किया जाता है कि वह किसी कंपनी या प्रोडक्ट के बारे में दी गई गलत जानकारी पर आंख मूंद कर विश्वास कर लेता है। जिसकी वजह से कभी-कभार वित्तीय नुकसान तो होता ही है, सेहत पर भी बुरा असर पड़ता है। सोशल मीडिया की लत से निकलने पर निश्चय ही इससे बचा जा सकता है।

**एंजाइटी होती है कम**: एडिक्शन से दूर होने के बाद, रोज-रोज लाइमलाइट में आने के लिए 'क्या पोस्ट डालें' यह नहीं सोचना पड़ेगा। ना ही इस बात की फिक्र रहेगी कि आपकी तस्वीरों या चीजों पर कितने लाइक्स मिले, कितने कमेंट आए, कितने लोगों ने वीडियो देखी, फ्रेंड लिस्ट या फॉलोअर्स लिस्ट में कितना इजाफा हुआ? यानी, सोशल मीडिया की लत से मुक्त होने उससे उपजी टेंशन, एंजाइटी और डिप्रेशन से दूर रहेंगे।

**डेली प्लानिंग होती है बेहतर**: एडिक्शन से मुक्त होने पर सुबह उठने के साथ मोबाइल पर नोटिफिकेशन, एप्स पर दूसरों की स्टोरीज चेक करना बंद हो जाता है। बचे समय में आप कहीं बेहतर तरीके से अपने दिन की प्लानिंग कर सकते हैं।

**क्रिएटिविटी होगी बूस्ट**: जाने-अनजाने सोशल मीडिया की लत आपका बहुत सारा टाइम बर्बाद कर देती है, जिसका इस्तेमाल अपने तरीके से कर सकते हैं। खाली समय में आप अपनी हेल्थ-फिटनेस पर ध्यान दे सकते हैं। आप क्रिएटिव काम कर सकते हैं। अपनी हॉबीज को टाइम दे सकते हैं। सोशल मीडिया से ब्रेक लेने पर दूसरे कामों को करने में आपका मन लगता है, कंसंट्रेशन बढ़ता है, इससे आपका खुद पर कंट्रोल बढ़ेगा और आप बेहतर डिसीजन ले पाएंगे।

**बढ़ेगा सोशल कनेक्शन**: सोशल मीडिया डिटॉक्स करके आप व्यावहारिक रूप से लोगों के करीब आ सकते हैं। सोशल मीडिया में ज्यादातर लोगों से डिजिटल संबंध ही बन पाते हैं। इससे दूर होने पर असल जिंदगी के लोगों के साथ समय बिताने का मौका मिलता है और आपकी बॉन्डिंग मजबूत होती है। *

## ऐसे दूर करें सोशल मीडिया एडिक्शन

**अगर आपको** लग रहा है कि सोशल मीडिया की लत आपके दिलो-दिमाग को ही नहीं जीवन को भी प्रभावित कर रही है तो सोशल मीडिया डिटॉक्स करना जरूरी है। इसके लिए आपको कुछ उपाय अपनाने होंगे।

- वैसे तो सोशल मीडिया से आप कितनी देर ब्रेक लेना चाहते हैं इसके लिए कोई निश्चित टाइम नहीं है, फिर भी आप अपने हिसाब से एक दिन, एक सप्ताह या एक महीना चुन सकते हैं।
- सबसे जरूरी है, मैच्योर माइंड से दिन में टाइम लिमिट निर्धारित करें। दृढ़ संकल्प लें कि सोशल मीडिया का उपयोग कम से कम करना है। खुद के लिए समय निकालें।
- अपने फोन को दो हिस्से में बांटें कॉलिंग और डाटा। कम्युनिकेशन के लिए बेसिक फोन रखें या स्मार्टफोन भी ऐसा हो, जिसकी इंटरनल मेमोरी या रैम काफी कम हो और वह सोशल मीडिया के विभिन्न एप्स को सपोर्ट ना कर पाए।



- अपने काम करने, नॉलेज लेने या पढ़ाई करने के लिए महंगे स्मार्टफोन की जगह टैबलेट या वाई-फाई इंटरनेट से चलने वाला स्मार्टफोन ही रखें। इनमें कोई भी सोशल मीडिया एप इंस्टाल ही न करें।
- कोशिश करें कि चैट ग्रुप्स में शामिल होने के बजाय एजुकेशनल नॉलेज वाली चीजों पर ध्यान दें।
- नोटिफिकेशन अलर्ट बंद करें। नोटिफिकेशन ना मिलने पर आप बार-बार अपना फोन चेक नहीं करेंगे।
- रात में सोने के कुछ घंटे पहले मोबाइन फोन को अपनी पहुंच से दूर रखें। जब तक बहुत जरूरी न हो, अपना फोन चेक न करें।
- खुशियों के लिए समय निकालें, अपनी हॉबीज, एक्सरसाइज, दोस्तों से मिलने-जुलने के लिए खुद को तैयार करें। दूसरों से स्क्रीन पर बात ना कर आमने-सामने बात करें ताकि अंतर्मुखी बनने के बजाय दूसरों से आपकी बॉन्डिंग मजबूत हो। *

**(डॉ. रोहित शर्मा, मनोचिकित्सक, आरोग्य अस्पताल, दिल्ली और डॉ. पूजा आनंद शर्मा, साइकोथेरेपिस्ट, विश्वास हीलिंग सेंटर, दिल्ली से बातचीत पर आधारित)**

# साइबर क्राइम्स पर पैनी नजर आई 4 सी



हर एरिया में बढ़ते डिजिटलाइजेशन का साइड इफेक्ट साइबर क्राइम्स के रूप में भी बढ़ रहा है। इस पर नजर रखने और रोकने के लिए सरकारी पोर्टल आई 4 सी बहुत तेज और सटीकता से अपना रोल निभा रही है।

{ टेक्नो-सिक्योरिटी / नरेंद्र शर्मा }

इसी माह 18 जून 2024 को देश के 317 शहरों के 1205 केंद्रों में नेशनल एलिजिबिलिटी टेस्ट यानी नेट की परीक्षा आयोजित की गई थी। इसमें 9 लाख से ज्यादा छात्रों ने हिस्सा लिया था। हालांकि स्थानीय स्तर पर कई जगहों पर कुछ सुगबुगाहट तो थी कि शायद नीट की तरह इस परीक्षा का भी पेपर लीक हुआ है। लेकिन एक दिन बाद ही केंद्र सरकार ने इस परीक्षा को रद्द कर दिया। वजह थी एक ऐसी आंख, जिसने वह सब कुछ देख लिया था, जिसकी कुछ लोगों को आशंका थी। वह आंख थी आई 4 सी की।

**क्या है यह पोर्टल**: आई 4 सी (नेशनल साइबर क्राइम थ्रेट एनालिटिक यूनिट) यानी, गृह मंत्रालय का भारतीय साइबर अपराध समन्वय केंद्र। इसे ही संक्षेप में आई 4 सी कहते हैं। इसकी स्थापना 30 अगस्त 2019 को एक प्रैक्टिकल पोर्टल के रूप में हुई थी। आज यह भारत सरकार के गृह मंत्रालय की एक ऐसी गिद्ध आंख है, जो साइबर अपराधों से संबंधित गतिविधियों पर नजर रखती है, लेकिन उसे कोई और देख नहीं पाता है।




**साइबर क्राइम जांच में सहायक**: वास्तव में आई 4 सी, भारत के आम नागरिकों के विरुद्ध होने वाले सभी तरह के साइबर अपराधों पर अपना ध्यान केंद्रित करती है और यह देश की विभिन्न जांच एजेंसियों को इन अपराधों से निपटने में अपनी विशेषज्ञता से लाभ पहुंचाती है। आई 4 सी देश की सभी जांच एजेंसियों को साइबर अपराध से संबंधित मुद्दों पर मदद करती है। इसका उद्देश्य देश में साइबर अपराधों पर अंकुश लगाने के लिए एक नोडल प्वाइंट के रूप में काम करना है। महिलाओं और बच्चों के खिलाफ होने वाले साइबर अपराध के खिलाफ आज मजबूती और तीव्रता से कार्यवाही की जाती है तो इसके पीछे सबसे बड़ा कारण इसी आई 4 सी की गिद्ध दृष्टि, अपराध को पहचानने और चिन्हित करने में इसकी एक्यूरेसी है।

**कम समय में सिद्ध की सार्थकता**: वास्तव में साल 2019 में जब एक प्रायोगिक पोर्टल के रूप में यह वेबसाइट लांच की गई थी तो किसी को यह उम्मीद नहीं थी कि यह साइबर संबंधित जांचों में इस कदर मददगार होगी। लेकिन आज यह आंख सब कुछ देखती है। चाहे परीक्षाओं में पर्चा लीक होने का मामला हो, संगठित अपराधियों के गुपचुप तरीके से बड़े अपराधों के लिए की जा रही प्लानिंग हो या राजनेताओं की सुरक्षा के गंभीर खतरों से जुड़े मसले हों। भारतीय साइबर अपराध समन्वय केंद्र इन सब तरह के खतरों पर बड़ी मुस्तैदी से नजर रखता है, जिससे सभी जांच एजेंसियों को भरपूर मदद मिलती है।

**निभाता है कई तरह के रोल**: हालांकि आई 4 सी, मूलतः साइबर अपराध से संबंधित मुद्दों पर ही ध्यान केंद्रित करता है। लेकिन सरकार के दूसरे क्षेत्र जहां धड़ल्ले से धोखाधड़ी हो रही होती है, वहां पर भी इसकी मदद ली जाती है। वैसे यह पोर्टल मूलतः साइबर अपराध से संबंधित शिकायतों को आसानी से दर्ज करने और साइबर अपराध के रुझान और पैटर्न की पहचान की सुविधा भी प्रदान करता है। साथ ही यह साइबर अपराध रोक-थाम और अपराध पता लगाने के लिए कानून प्रवर्तन एजेंसियों के लिए एक प्रारंभिक चेतावनी प्रणाली के रूप में भी काम करता है। हाल के सालों में इसने जो सबसे महत्वपूर्ण काम किया है, वह यह है कि देश के युवावर्ग को इस आई 4 सी ने साइबर अपराधों के विरुद्ध सजग बनाया है।

साइबर फोरेंसिक जांच, साइबर स्वच्छता, साइबर अपराध विज्ञान जैसे क्षेत्र में यह पुलिस और न्यायिक अधिकारियों की क्षमता में बढ़ोत्तरी करती है। यह आम नागरिकों के लिए भी बहुत महत्वपूर्ण है, क्योंकि इसकी बदौलत आम नागरिकों को साइबर अपराध की ऑनलाइन शिकायत करना बेहद आसान हो गया है। आई 4 सी बच्चों, बाल पोर्नोग्राफी, बाल यौन शोषण जैसे मसलों पर ऑनलाइन सामग्री के विरुद्ध मुहिम तो छेड़ता ही है, लोगों को लिखित में शिकायत करने की सुविधा भी देता है।

यह पोर्टल वित्तीय अपराध और सोशल मीडिया से संबंधित अपराधों पर भी ध्यान केंद्रित करता है। जिस तरह से इसने हाल में हुए पेपर लीक का पता लगाया, वह काबिले तारीफ है और सरकार ने भी इस समन्वय केंद्र पर पूरा भरोसा जताते हुए, यूजीसी नेट की परीक्षा को रद्द कर दिया। इसकी इसी तेज रफ्तारी और साइबर अपराधियों तक जल्द पहुंच के कारण अपराध जगत इस आंख से ओझल रहने की कोशिश करता है, क्योंकि अब यह बात करीब-करीब हर शख्स के दिलोदिमाग में बैठ गई है, जो इस डिजिटल पुलसिंग के युग में चीजों पर नजर रखते हैं, कि भले किसी और से छूट जाए, लेकिन आई 4 सी से कुछ भी देखना नहीं छूटता। यह सब कुछ बहुत बारीक निगाहों से देख लेती है। *

{ कविता / पूनम पांडे }

## चित्र उकेरती कूची



कूची से चित्र उकेरती
यही सोचती हूं
कि इस गुप्त मंजिल का
अगर पता न लगता
तो, जीवन रहता कितना अधूरा।
पूरा होता है इक चित्र,
और मन तृप्त।
ऐसा लगता,
ज्यों हो रहा
आत्मा का,
शुद्धिकरण।
ये कूची और
ये अंगुलियां
इनको इक-दूजे
की ऊर्जा पर है
कितना भरोसा
कि थकते नहीं
दोनों इक-दूजे के संग।

{ कहानी / कल्पना मनोरमा }

यह जानते हुए भी कि जैसा व्यवहार हम दूसरों के साथ करेंगे, वैसा ही हमें कभी ना कभी बदले में मिलेगा, हम अपनी तल्खी से बाज नहीं आते, दूसरों को तकलीफ देते रहते हैं। मधुर मजूमदार इन्हीं लोगों में से एक थीं। बुढ़ापे में उन्हें जब पति ने उनके तल्ख व्यवहार का अहसास दिलाया तो उनके पास पीड़ा सहने के अलावा कोई चारा नहीं था। इंसानी फितरत पर केंद्रित कहानी।

## कुएं की आवाज



मानसिंह का हाता, अपनी विराट बनावट और जर्जर हालत के लिए नहीं, दूसरी मंजिल पर रहने वाली मधुर मजूमदार के गुस्से के लिए जाना जाता था। कितने सब्जी वालों के ऊपर ना जाने क्या-क्या फेंक कर हमले हुए। जिनमें कुछ बच गए, कुछ घायल भी हुए। जिन्हें मिस्टर मजूमदार ने अस्पताल भेजकर अपना पीछा छुड़ाया था। अब तो फेरीवाले वहां से निकलने से पहले जांच-परख लेते हैं कि कहीं मधुर मजूमदार बालकनी में खड़ी तो नहीं हैं, जो उनके गुस्से का शिकार होना पड़े।

मधुर मजूमदार बूढ़ी हो चली हैं। अपने बेटे को जहां बैठाया वहीं बैठा। बहू भी आज्ञाकारी मिली। मधुर के गुस्सैल स्वभाव में कोई परिवर्तन नहीं आया। उन्हें आराम और पूजा के समय गहरी शांति की हमेशा जरूरत रही, जो अभी तक कायम थी।

मिस्टर मजूमदार को छोड़कर सब मधुर के आगे सिर झुकाए खड़े रहते हैं। नाती चीकू भी अपनी दादी का खासा ख्याल रखता था। चीकू की शादी हो चुकी थी। नई बहू को अपने घर के तौर-तरीके मधुर ने ही बताए-सिखाए थे। गुस्सैल दादी की बातें सुनकर चीकू की बहू बहुत घबरा गई थी। चीकू की मां ने जब बहू को परेशान देखा तो हिम्मत बंधाई, 'घबराओ मत बहू, जल्दी ही तुम सबके साथ घुल-मिल जाओगी।'

एक दिन सुबह से मधुर परेशान थीं। उनकी आंख देर से खुली थीं। दोष सपनों का था, जिन्होंने उन्हें उठने नहीं दिया था, उन्हें पूजा के लिए देर हो चुकी थी। खुली छत पर बैठना तो दूर, पांव भी झुलस रहे थे। मधुर ने पहले धूप को कोसा फिर सूरज को खरी-खोटी सुनाई। उसके बाद झांककर घर में देखा। सब नाश्ता करने के बाद अपने कमरों में थे। उन्हें गुस्सा चढ़ गया। तुलसी के गमले में जल चढ़ा कर वे अंदर आईं और बिजली बोर्ड पर लगी एमसीबी गिरा दी। बिजली से चलने वाले सारे उपकरण बंद हो गए। सभी बाहर दौड़कर आए।

सास को आगबबूला देखकर,बहू ने सहमकर पूछा, 'मुझे क्या करना चाहिए?' ताव खाते हुए मधुर ने तुलसी वाला गमला चीकू के कमरे के आगे छज्जे में रखने के लिए कहा। सुनकर मधुर के बेटे ने वहां गमला रखने के लिए मना किया। कारण चीकू पंद्रह दिन की छुट्टी आया था। बेटा अपनी तरह समझाता रहा, लेकिन मधुर ने जो ठान लिया, वही हुआ। शाम को दीपक जलाकर मधुर ध्यान करने बैठी थीं। घर के अन्य जन शांत थे। चीकू भूल गया। टीवी चलाकर वह हंसने-बोलने लगा। मधुर की त्योरियां चढ़ गईं। दो मिनट गहरी सांस लेकर टीवी बंद करने के लिए बोला। चीकू ने माफी मांगते हुए टीवी के साथ दरवाजा भी बंद कर लिया।

दो ही दिन बीत पाए थे, फिर वही वाकया हुआ। इस बार मधुर ने चीकू से न कहते हुए अपने बेटे से कहा, 'अपने बेटे-बहू को समझा लो।' बेटे ने मां को अपनी बात याद दिलाई कि चीकू बस कुछ दिनों के लिए आया है, थोड़ा धैर्य रखें। मां-बेटे झगड़ पड़े। घर में तनाव का माहौल देखकर नई बहू डर गई।

दिन गुजरते रहे, दो-चार दिन छोड़कर मधुर का चीखना-चिल्लाना, बहू का सुबकना चलता रहा। एक सुबह मधुर मजूमदार ध्यान में डूबी थीं।

'दरवाजा ठीक से बंद करो विमल! पीली बर्र कई दिन से मंडरा रही है यहां। ठंडक देख छत्ता बना लेगी अपने कमरे में।' नई बहू की आवाज मधुर के कानों में पड़ी। वे कंठी-माला छोड़कर खड़ी हो गईं, 'चीकू की बहू ने पीली बर्र किसे बोला?'

पास में बरांडे में मिस्टर मजूमदार बैठे अखबार पढ़ रहे थे। बोले, 'तुम समझ तो गई हो।'

'मतलब, तुम कहना क्या चाहते हो?' मधुर गुस्से से लाल हो गईं। घर में आपातकालीन बैठक बुला ली गई। चीकू की बहू से सवाल-जवाब हुए। नई बहू तो नहीं बोल सकी। चीकू की मां ने बताया, 'चीकू के कमरे में पीली बर्र का छत्ता है। दो दिन पहले पलीता दिखा कर उसे हटाया गया था। एक बर्र वहां लगातार चक्कर काट रही है। बहू ने चीकू को इसलिए कहा होगा।'

मामला सबको समझ में आ गया। बहू के ऊपर उठने वाली अंगुलियां नीचे हो गईं। लेकिन मधुर मजूमदार को संतुष्टि नहीं हो पा रही थी। उन्हें बार-बार लग रहा था कि हो न हो चीकू की बहू ने पीली बर्र उन्हीं को ही बोला है। भरे और भारी मन से रात में मधुर अपने कमरे में पहुंचीं। मिस्टर मजूमदार उनका ही इंतजार कर रहे थे, बोले, 'मधुर, तुमने खाना क्यों नहीं खाया? बेटा बता रहा था। ऐसे तो तुम बीमार पड़ जाओगी।'

'चिंता किसे है। आज मेरी अपनी बहू ने चीकू की बहू का साथ दिया।' लगा मधुर रो देंगी।

'नहीं ऐसा नहीं। उसने सही बात बोली बस।' मिस्टर मजूमदार ने समझाया।

'मैं नहीं मानती।' मधुर यकीन करने के लिए तैयार नहीं थीं।

'मधुर, हमारा जीवन कुएं की आवाज है। तुम याद करो, जब मेरी नई-नई शादी हुई थी। थोड़ा-सा भी काम ज्यादा बढ़ जाने पर या तुम्हारे मन का कुछ न होने पर तुम मेरी मां को बिलौटी और बड़ी दीदी को छिपकली बोल देती थीं। वो भी मेरे ही सामने। मैं कैसे घुट कर रह जाता था।' मिस्टर मजूमदार की दबी पुरानी टीस उबरी। 'मतलब?' मधुर आंखें तरेर कर बोलीं।

'मतलब तो बहुत छोटा और साफ है। करता सो भोगता।' मिस्टर मजूमदार ने साफ-साफ कह दिया। पहली बार मधुर को कोई जवाब नहीं सूझा। बत्ती बुझाकर उन्होंने करवट फेर ली। *

# बजट सत्र से पहले हो जाएगा संसद में सिटिंग अरेंजमेंट अवधेश प्रसाद के बहाने विपक्ष ने 'खेल' कर दिया शुरू


## विपक्षी दल अवधेश को तुरुप के पत्ते की तरह इस्तेमाल करने की रणनीति बना रहा

**रॉयल पत्रिका**

उत्तरप्रदेश विधानसभा में लगातार नौ बार चुनकर पहुंचे विधायक अवधेश प्रसाद इस बार फैजाबाद से जीतकर लोकसभा पहुंचे तो उनको भी उम्मीद नहीं होगी कि उन्हें सपा प्रमुख अखिलेश यादव अपने साथ पहली पंक्ति में बिठाएंगे।

उन्हें ये भी उम्मीद नहीं होगी कि उनके नाम की प्रस्तावना लोकसभा के उपसभापति के पद लिए भी कोई दल कर सकता है। दलित नेता अवधेश प्रसाद फैजाबाद जैसी सामान्य सीट सीट से जीतकर लोकसभा पहुंचे। वो फैजाबाद जिसके अंतर्गत अयोध्या विस सीट भी शामिल है। विपक्षी दल अवधेश प्रसाद को तुरूप के पत्ते की तरह इस्तेमाल करने की रणनीति पर काम कर





रहे हैं। लोकसभा के उपसभापति पद के लिए तृणमूल कांग्रेस सुप्रीमो और पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बेनर्जी ने अवधेश प्रसाद का नाम आगे बढ़ाया है। अभी संयुक्त विपक्षी दल की ओर से उनका नाम औपचारिक रूप से प्रस्तावित किया जाना है। उससे पहले लोकसभा में सांसदों के बैठने की जगह निर्धारित होने की प्रक्रिया में सपा संसदीय दल के नेता अखिलेश यादव की ओर से अवधेश प्रसाद के लिए पहली बेंच पर ही डिवीजन नंबर देने की अनुशंसा की गई है।

सदन के पहले बेंच पर विपक्ष और पक्ष के बराबर आठ-आठ सांसदों के लिए बैठने की जगह निर्धारित करने की व्यवस्था बन रही है। आगामी बजट सत्र से पहले सभी सांसदों को डिवीजन नंबर दे दिये जाएंगे। डिवीजन नंबर सांसदों के बैठने की व्यवस्था है जिसके तहत अगर किसी संसदीय मामले में वोटिंग की नौबत आती है तो अपने डिवीजन नंबर के मार्फत ही संबंधित सांसद वोटिंग में भाग लेते हैं।

भाजपा के 240 सांसद चुनकर लोकसभा पहुंचे हैं जब कि कांग्रेस के 99, सपा के 37 और तृणमूल के 29 सांसद हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृहमंत्री अमित शाह, रक्षामंत्री राजनाथ सिंह, परिवहन मंत्री नितिन गडकरी जैसे नेताओं का अग्रिम पंक्ति में ही डिवीजन नंबर तय है। इनके साथ गठबंधन की ओर से तेलुगूदेश पार्टी के नेता और नागरिक उड्डयन मंत्री के. राममोहन राव नायडू और जदयू के कोटे से पंचायती राज मंत्री ललन सिंह को भी ट्रेजरी बेंच की ओर से पहली पंक्ति में जगह दिया जाना तय माना जा रहा है। कांग्रेस पार्टी की ओर से विपक्ष के नेता राहुल गांधी, अनुभवी सांसद सभापति के उम्मीदवार रहे के. सुरेश का स्थान फर्स्ट बेंच पर तय है।

सुरेश पार्टी के मुख्य सचेतक भी हैं। सपा संसदीय दल के नेता अखिलेश यादव, डीएमके नेता कानीमोझी और पूर्व केंद्रीय मंत्री टीआर बालू भी विपक्षी दलों की तरफ से पहली बेंच पर जगह पा सकते हैं। विपक्षी गठबंधन की ओर से राजद की मीसा भारती और शिव सेना उद्धव ठाकरे गुट के अरविंद सावंत को भी आगे की सीट के लिए अनुशंसा की जा सकती है।

---

## खबर संक्षेप

### राव का इस्तीफा, रास की एक और सीट हुई खाली

**नई दिल्ली।** राज्यसभा में एक नई रिक्ति पैदा हो गई जब सदन के सभापति जगदीप धनखड़ ने के



केशव राव का इस्तीफा स्वीकार कर लिया। राव ने कांग्रेस में शामिल होने के बाद बीआरएस के राज्यसभा सदस्य के रूप में अपनी सदस्यता छोड़ दी थी। राव के इस्तीफे के बाद सदन में 16 सीटें खाली हो गई हैं। राव 2020 से तेलंगाना से बीआरएस के राज्यसभा सदस्य थे।

### टॉयलेट साफ करो नहीं तो फेल कर दूंगी: प्रोफेसर

**लातूर।** महाराष्ट्र के लातूर में एक हैरान करने वाला मामला सामने आया है। यहां सरकारी औद्योगिक



प्रशिक्षण संस्थान की एक महिला प्रोफेसर छात्रों को कम नंबर देने की धमकी देकर उनसे अपना घरेलू काम कराती थी। यहां तक कि प्रोफेसर छात्रों से टॉयलेट भी साफ कराती थी। इसका एक वीडियो भी सामने आया था। अब महिला प्रोफेसर को निलंबित कर दिया गया है।

### कांग्रेस में शामिल हो गए बीआरएस के 6 एमएलसी

**हैदराबाद।** तेलंगाना में भारत राष्ट्र समिति को बड़ा झटका देते हुए उसके 6 विधानपरिषद सदस्य



मुख्यमंत्री ए. रेवंत रेड्डी की मौजूदगी में कांग्रेस में शामिल हो गए। तेलंगाना विधानपरिषद की वेबसाइट के अनुसार, वर्तमान में बीआरएस के पास 25 सदस्य हैं। कांग्रेस के 4 सदस्य हैं। तेलंगाना विधानपरिषद में कांग्रेस सदस्यों की संख्या बढ़कर अब 10 हो गई है।

### रेप के आरोप में वाईएसआर के पूर्व विधायक गिरफ्तार

**कुरनूल।** आंध्र प्रदेश पुलिस ने वाईएसआर कांग्रेस पार्टी के पूर्व विधायक जे सुधाकर को एक



नाबालिग लड़की के साथ चार साल से अधिक समय तक बार-बार बलात्कार के आरोप में गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि लड़की वहां काम करती थी। कोडुमुरु के पूर्व विधायक सुधाकर को गिरफ्तार किया गया। लड़की ने पुलिस को 'वीडियो साक्ष्य' भी दिए।

### कुए में शख्स को निकालने उतरे 4 लोगों की भी मौत

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के जांजगीर-चांपा जिले के एक गांव में उस वक्त मातम छह गया, जब गांव के



ही कुएं में 5 लोगों की मौत हो गई। कुए में गिरी लकड़ी को निकालने के लिए एक व्यक्ति कुएं में उतर गया। कुए से निकल रही जहरीली गैस से उसकी मौत हो गई। उसे बचाने के लिए पड़ोस में रह रहे 4 लोग उतरे। वहां जहरीली गैस की वजह से उनकी भी मौत हो गई।

---

## नेता प्रतिपक्ष ने अलीगढ़ व हाथरस में मृतकों के परिजनों को दी सांत्वना

# हाथरस के मुद्दे को संसद में उठाएंगे राहुल, सांत्वना दी

### राहुल के गले लगकर रोए परिजन, दिया न्याय दिलाने का भरोसा

*यह भी बोले- हम परिजनों को दिलाएंगे पूरा न्याय*

**रॉयल पत्रिका**

कांग्रेस नेता एवं लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी सत्संग के दौरान भगदड़ मचने से मृतकों के घर पहुंचे तो माहौल खासा भावुक हो गया। परिजन राहुल गांधी के गले लगकर जमकर रोए। इस दौरान राहुल गांधी ने कहा कि वह मामले को संसद में उठाएंगे।

साथ ही मृतकों के परिजनों को पूरा न्याय दिलाया जाएगा। हाथरस के गांव फुलरई में दो जुलाई को नारायण साकार विश्व हरि (सूरजपाल) द्वारा किए जा रहे सत्संग में भगदड़ मचने के दौरान 121 लोगों की मृत्यु हो गई थी। शुक्रवार को मृतकों को सांत्वना देने के लिए राहुल गांधी सुबह करीब साढ़े सात बजे अलीगढ़ के कस्बा पिलखना पहुंचे। वहां पर उन्होंने हादसे में मृत मंजू देवी, पंकज, प्रेमवती व शांति देवी के परिजनों को सांत्वना दी। इसके बाद वह हाथरस को रवाना गए।

वहां पर भी उन्होंने हादसे में मृतकों के परिजनों को ढांढस बंधाया। इस दौरान राहुल गांधी ने कहा कि घटना काफी दुखद है। वह इस मामले को संसद में उठाएंगे। हम राज्य सरकार से मांग करेंगे कि मृतकों के परिजनों को उचित मुआवजा और न्याय मिले। इस मामले में जो भी दोषी हो, उसे हर हाल में सजा मिलनी चाहिए। इस अवसर पर कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय, प्रदेश प्रभारी अश्वनी पांडेय, सहारनपुर के सांसद इमरान मसूद, पूर्व विधायक विवेक बंसल समेत अन्य नेता भी साथ रहे।



### एसआईटी की रिपोर्ट सौंपी गई सीएम को

हादसे के बाद ही शासन द्वारा गठित एसआईटी का गठन किया गया था। इसमें आगरा जोन की एडीजी अनुपमा कुलश्रेष्ठ एवं कमिश्नर अलीगढ़ चैत्रा वी. को शामिल किया गया गया था। एसआईटी ने हाथरस के डीएम, एसपी के साथ ही करीब 100 लोगों के बयान दर्ज कर रिपोर्ट तैयार की। मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह व डीजीपी प्रशांत किशोर ने शुक्रवार को एसआईटी की जांच रिपोर्ट को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को सौंप दिया। जांच रिपोर्ट के बाद करीब आधा दर्जन अफसरों पर गाज गिरना तय माना जा रहा है।

### न्यायिक आयोग ने शुरू की जांच

हादसे की जांच के लिए गठित न्यायिक आयोग के अध्यक्ष बृजेश कुमार श्रीवास्तव की अध्यक्षता में गठित जांच आयोग जांच शुरू कर दी है। लखनऊ के डाली बाग स्थित नैमिषारण्यम गेस्ट हाउस में आयोग की बैठक हुई। इसमें आयोग के सदस्य पूर्व आईपीएस भावेश कुमार सिंह व पूर्व आईएएस हेमंत कुमार राव ने बैठक कर सूबे के आला पुलिस-प्रशासनिक अधिकारियों से हादसे से संबंधित दस्तावेज मांगे। संभावना व्यक्त की जा रही है शनिवार को आयोग हाथरस जाकर घटनास्थल के मुआयना कर सकता है।

### छापेमारी के बाद एक लाख का इनामी मधुकर गिरफ्तार

नारायण साकार विश्व हरि वाला की तलाश में पुलिस मैनपुरी आश्रम पहुंची। वहां बाबा तो नहीं मिले, लेकिन पुलिस आश्रम के बाहर खड़ीं दो गाड़ियां लेकर आ गई। एक लाख के इनामी मुख्य सेवादार देव प्रकाश मधुकर की तलाश में पुलिस ने यूपी के साथ ही हरियाणा, राजस्थान व दिल्ली में भी छापेमारी की। देव प्रकाश मधुकर को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। भगदड़ के बाद जांच कमेटी ने भोले बाबा उर्फ नारायण साकार हरि के खास देव प्रकाश मधुकर को मुख्य आरोपी बनाया गया था। पुलिस ने मधुकर के ऊपर एक लाख रुपए का इनाम भी घोषित किया था। हादसे के दिन से ही भोले बाबा और उनका साथी मधुकर दोनों गायब चल रहे थे। उनकी तलाश की जा रही थी।

---

## लुधियाना में हमला, गिरफ्तार

# संदीप जान की भीख मांगते रहे और 'निहंग' काटते रहे





**रॉयल पत्रिका**

पंजाब के लुधियाना में एक हैरान कर देने वाली घटना सामने आई है। लुधियाना शिवसेना पंजाब के नेता संदीप थापर गोरा पर सिविल अस्पताल के बाहर कातिलाना हमला किया गया। उन पर हमला करने वाले निहंग बताए जा रहे हैं।

दरअसल, हमलावर निहंगों के वेश में आए 4 लोगों ने तेज धार वाले हथियारों से गोरा पर जानलेवा हमला कर दिया। गंभीर हालत में उनको अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। घटना के वक्त संदीप थापर गोरा गनमैन के साथ सिविल अस्पताल में चलने वाले संवेदना ट्रस्ट के प्रधान रविंदर अरोड़ा की पुण्यतिथि समागम में शामिल होने गए थे। उसी दौरान उन पर यह हमला किया गया।

### समागम में माथा टेकने के बाद किया 'गंभीर'

हादसे से कुछ ही समय पहले शिवसेना नेता समागम में माथा टेकने के बाद बाहर निकले थे। इतने में निहंग के वेश में आए चार युवकों ने उन पर तेजधार हथियार से वार कर दिया। गोरा को लहुलुहान हालत में सिविल अस्पताल में भर्ती करवाया गया, जहां से उन्हें रेफर कर दिया गया। उनकी हालत फिलहाल गंभीर बनी हुई है. पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### तलवार से जमीन पर गिरने तक किया वार

जब एक का मन भर गया तो दूसरे ने उन पर तलवार से तब तक वार किया, जब तक उनका स्कूटर जमीन पर नहीं गिर गया। इतने से भी आरोपियों का मन नहीं भरा। वे लगातार शिवसेना नेता पर हमला करते रहे और फिर उनकी स्कूटी पर बैठकर दो आरोपी फरार हो गए। हैरानी की बात ये है कि सड़क पर मौजूद लोग तमाशबीन बने देखते रहे।

### मामले में दो गिरफ्तार

संदीप थापर उर्फ गोरा थापर पर आज लुधियाना में जानलेवा हमला हुआ। थापर पर निहंगों ने तलवार से एक के बाद एक कई वार किए। जिसके बाद वह उसे घायलावस्था में छोड़कर घायल की स्कूटी लेकर फरार हो गए। अब उन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है।

---

## अमृतपाल, राशिद ने ली लोकसभा सदस्यता

# कड़े सुरक्षा घेरे में अमृतपाल और राशिद को लाया गया संसद भवन

**रॉयल पत्रिका**

जेल में बंद रहते हुए लोकसभा चुनाव में जीत हासिल करने वाले वारिश पंजाब दे प्रमुख अमृतपाल सिंह और कश्मीरी नेता शेख अब्दुल राशिद ने शुक्रवार को लोकसभा सदस्य के रूप में पर शपथ ली। सिंह असम के डिब्रूगढ़ की जेल में राष्ट्रीय सुरक्षा अधिनियम के तहत बंद हैं। इंजीनियर राशिद के नाम से पहचाने जाने वाले शेख अब्दुल राशिद गैर कानूनी गतिविधि रोकथाम अधिनियम के तहत दर्ज आतंकवाद के वित्तपोषण के मामले में तिहाड़



जेल में बंद हैं। शुक्रवार की सुबह कड़े सुरक्षा के घेरे में दोनों को संसद भवन लाया गया। लोकसभा अध्यक्ष के चैंबर में अमृतपाल और राशिद ने शपथ ली। सिंह ने लोकसभा चुनाव में खडूर साहिब से जीत हासिल की थी। राशिद ने बारामुला लोकसभा सीट से जीत हासिल की है।

---

## प्रभु की रथ यात्रा कल निकलेगी

# भगवान जगन्नाथ 15 दिन के एकांत के बाद आज आएंगे बाहर

**एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली**

भगवान जगन्नाथ भाई बलभद्र और बहन सुभद्रा के साथ 15 दिन के एकांतवास के बाद शनिवार को बाहर आएंगे।

शनिवार को वैदिक मंत्रोच्चार के साथ नेत्रदान होगा। फिर भगवान दर्शन देंगे। दर्शन के लिए दोपहर 2 बजे से भक्तों की भीड़ जुटने लगेगी। शाम 4 बजे नेत्रदान अनुष्ठान शुरू होगा। फिर 108 दीपों से मंगलआरती, जगन्नाथ अष्टकम, गीता के द्वादश अध्याय का पाठ और भगवान की स्तुति की जाएगी।



भगवान को मालपुआ सहित अन्य मिष्ठानों का भोग लगेगा। शनिवार को भगवान रात 9 बजे तक दर्शन मंडप में दर्शन देंगे और यहीं रात्रि विश्राम करेंगे। 7 जुलाई को प्रभु की रथ यात्रा निकाली जाएगी। दोपहर 2 बजे सभी विग्रहों को बारी-बारी से रथारूढ़ किया जाएगा।

---

## सीएम स्टालिन के आदेश के खिलाफ हाईकोर्ट में दलील

# शराब पीड़ित स्वतंत्रता सेनानी नहीं, 10 लाख मुआवजा न दें

**रॉयल पत्रिका**

तमिलनाडु के कल्लाकुरिची जिले में पिछले महीने जहरीली शराब पीने से करीब 56 लोगों की मौत हो गई थी। पूरे राज्य में इस त्रासदी को लेकर हाहाकार मच गया था। इस पर भाजपा ने हंगामा भी किया था।

बिगड़ते हालात को देखते हुए सीएम एमके स्टालिन ने मृतकों के परिजनों को 10 लाख रऔर अस्पताल में भर्ती लोगों को 50 हजार का मुआवजा देने का ऐलान किया था। अब इस मुआवजे के आदेश को रद्द कराने के लिए मद्रास उच्च न्यायालय में एक जनहित याचिका दायर की गई है।

### कल्लाकुरिची में अवैध शराब से 56 लोगों की मौत



### अवैध शराब पीना गलत

*गौस ने याचिका में कहा कि पीड़ित स्वतंत्रता सेनानी या सामाजिक कार्यकर्ता नहीं थे, जिन्होंने आम जनता या समाज के लिए अपनी जान गंवाई हो और जिन्होंने जहरीली शराब पीकर एक तरीके से गलत काम ही किया है। अवैध शराब पीना गलत ही था। जहरीली शराब के शिकार लोगों को सिर्फ सांत्वना देनी जानी चाहिए। जिन्होंने अपनी खुशी के लिए गैरकानूनी काम किया है, उन्हें कोई मुआवजा नहीं दिया जाना चाहिए।*

---

## नड्डा से मिले किरोड़ी लाल, क्या बातचीत हुई नहीं किया खुलासा

# मंत्री पद से इस्तीफा देकर चर्चा में आए मीणा

***इस मुलाकात के बाद माना जा रहा कि भाजपा अध्यक्ष नड्डा ने उन्हें इस्तीफा वापस लेने पर बातचीत की होगी***

**रॉयल पत्रिका**

मंत्री पद से इस्तीफा देकर चर्चा में आए राजस्थान भाजपा के दिग्गज नेता किरोड़ी लाल मीणा ने शुक्रवार को पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा से मुलाकात की।

पार्टी हाईकमान मीणा के इस्तीफे से अचंभित है और उनको राजस्थान सरकार में मंत्री बने रहने के लिए मना रहा है। बताया जा रहा है कि नड्डा ने किरोड़ी लाल मीणा से कहा



है कि वे इस्तीफा वापस ले लें। हालांकि जेपी नड्डा से मुलाकात के बाद बाहर निकले मीणा ने मीडिया से बातचीत में ऐसा कोई संकेत नहीं दिया कि वे इस्तीफा वापस ले रहे हैं। उन्होंने



कहा है कि मीटिंग में 'ऐसी बातें हुई हैं जिनको बता नहीं सकता'। मीणा ने यह भी कहा है कि उन्हें न संगठन से शिकायत है न मुख्यमंत्री से, चूंकि जनता के बीच चुनाव हारने पर इस्तीफा देने की बात कही थी, इसलिए ऐसा किया है। दरअसल, राज्य सरकार में मंत्री पद से इस्तीफा देने वाले किरोड़ीलाल मीणा को दिल्ली तलब किया गया था।

मीणा को अपनी बात पर अड़े रहने के लिए जाना जाता है। देखना ये है कि नड्डा से मुलाकात के बाद वे इस्तीफा वापस लेते हैं या नहीं। ज्ञात हो कि मीणा ने लोकसभा चुनाव प्रचार के दौरान कहा था कि अगर भाजपा दौसा और आसपास की सीटें हारी तो वे राजस्थान सरकार में मंत्री बने रहने की बजाए इस्तीफा दे देंगे। भाजपा चुनाव हार गई, इसी के चलते अपनी बात का मान रखने के लिए मीणा ने मंत्री पद से इस्तीफा दे दिया है। फिलहाल पार्टी उन्हें इस्तीफा वापस लेने के लिए मनाने में जुटी है।

---

## हाईकोर्ट ने की अहम टिप्पणी

# सरोगेसी के जरिए मां बनने वाली महिलाओं को मिले लीव

**एजेंसी ▶▶ भुवनेश्वर**

उड़ीसा हाई कोर्ट ने हाल में व्यवस्था दी है कि किराए की कोख (सरोगेसी) के जरिए मां बनने वाली महिला कर्मचारियों को वैसे ही मैटरनिटी लीव एवं अन्य लाभ पाने का अधिकार है जो प्राकृतिक रूप से बच्चे को जन्म देने वाली या बच्चा गोद लेकर मां बनने वाली महिलाओं को मिला है।

जस्टिस एस के पाणिग्रही की सिंगल बेंच ने 25 जून को ओडिशा फाइमेंस सर्विस की महिला अधिकारी सुप्रिया जेना की याचिका पर सुनवाई करते हुए यह



व्यवस्था दी है।याचिकाकर्ता ने 2020 में इसे लेकर याचिका दायर की थी। जेना सरोगेसी के जरिए मां बनीं लेकिन उन्हें ओडिशा सरकार में उनके बड़े अफसरों ने 180 दिन की मैटरनिटी लीव देने से मना कर दिया। इसलिए उन्होंने सरकार के विरुद्ध हाई कोर्ट का दरवाजा खटखटाया।

मुद्रक, प्रकाशक व स्वत्त्वाधिकारी मुन्ना खान के लिए श्री राम ऑफसेट, 6, शॉपिंग सेंटर, जोरावर सिंह गेट के बाहर, आमेर रोड, जयपुर से मुद्रित तथा रॉयल पत्रिका कार्यालय 4312 मोहल्ला नायकों का, जगन्नाथ शाह का रास्ता, नाहरबाड़ा, रामगंज, जयपुर से प्रकाशित। संपादक मुन्ना खान मों. 08058969180 कार्यालय फोन- 0141-2609886,